दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली।। रविवार 15 सितम्बर -2024 | वर्ष : 8 अंक : 336 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3










# स्मार्ट पाठकों का स्मार्ट अखबार



## ई-पेपर की विशेषताएं

- फोन की स्टोरेज पर नहीं पड़ेगा कोई असर
- अखबार की पीडीएफ बनाने की सुविधा
- कलेंडर से प्राप्त करें पुरानी तारीख का अखबार
- खबर को सेव और क्रॉप करने का ऑप्शन
- खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करने की सुविधा

रोजाना सुबह सोशल मीडिया के प्रमुख प्लेटफॉर्म पर अखबार का लिंक हो रहा है फॉरवर्ड

जब एक क्लिक पर खुले आपका करंट क्राइम अखबार तो फिर एमबी का बोझ क्यों करे आपका स्मार्ट फोन स्वीकार

https:// epaper.currentcrime.com/view/106/current-crime

# जेल से बाहर आने के बाद पत्नी संग हनुमान मंदिर पहुंचे अरविंद केजरीवाल, बजरंगबली का लिया आशीर्वाद

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई। कोर्ट ने उन्हें कुछ जरूरी शर्तों के साथ जमानत दी है। जमानत मिलने के बाद कल केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। जिसके बाद सीएम केजरीवाल आज पत्नी सुनीता केजरीवाल संग कनॉट प्लेस स्थित प्रसिद्ध हनुमान दोपहर पहुंचे और वहां दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और आप सांसद संजय सिंह भी सीएम के साथ थे।



## केजरीवाल को जमानत, "मुख्यमंत्री" अभी भी जेल में

आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल को बेशक कथित आबकारी घोटाले में जमानत मिल गई है, लेकिन "मुख्यमंत्री" केजरीवाल अभी भी जेल में रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से लगाई गई बंदिशों की वजह से केजरीवाल अभी बतौर मुख्यमंत्री काम नहीं कर सकेंगे। वह उन्हीं जरूरी फाइलों पर दस्तखत कर सकेंगे, जिनको उपराज्यपाल को भेजा जाना है। आप का मानना है कि कैबिनेट विस्तार समेत इसकी बैठकों के बारे में सुप्रीम अदालत से स्पष्टीकरण लेना पड़ेगा। वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने भी इशारा किया है कि इस बारे में वह अदालत का रुख कर सकते हैं।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को सशर्त जमानत दी है। जेल से बाहर आने के बाद केजरीवाल मुख्यमंत्री कार्यालय व दिल्ली सचिवालय नहीं जा सकेंगे। वहीं, किसी भी सरकारी फाइल पर तब तक दस्तखत नहीं करेंगे, जब तक ऐसा करना जरूरी न हो। यह वही फाइलें होंगी, जिनको उपराज्यपाल के पास भेजा जाना है। इससे कैबिनेट बैठक, उसके विस्तार और दूसरे कामों को करने की इजाजत नहीं होगी। आप की लीगल टीम का भी मानना है कि मुख्यमंत्री के कामकाज पर अदालत ने बंदिशें लगाई हैं जबकि दिल्ली कैबिनेट का विस्तार लंबित है। पूर्व मंत्री राजकुमार आनंद के इस्तीफे के बाद कैबिनेट में एक पद खाली है। वहीं, कैबिनेट बैठक से तैयार होने वाले कैबिनेट नोट पर मुख्यमंत्री को दस्तखत करने होंगे। दूसरे और भी कई जरूरी काम हैं, जिनकी फाइल उपराज्यपाल को नहीं भेजनी होती। इन सब मामलों में स्पष्टीकरण के लिए वह अदालत जाएंगे। इस पर पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का भी कहना है कि इस तरह की शर्तों को अगर अदालत में चुनौती दी जाएगी तो वह नहीं टिकेंगी।

## सीएम ने 156 दिन काटी जेल

अरविंद केजरीवाल को सिविल लाइंस स्थित उनके आवास से 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। 10 दिन की पूछताछ के बाद एक अप्रैल को उनको तिहाड़ जेल भेज दिया गया। बाद में जेल में ही 26 जून को सीबीआई ने इसी मामले में पूछताछ के लिए गिरफ्तार कर लिया। करीब 51 दिन बाद 10 मई को सुप्रीम कोर्ट ने 21 दिन के लिए अंतरिम बेल दी थी। मकसद लोकसभा चुनावों में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करने का था। दो जून को केजरीवाल ने सरेंडर कर दिया था। ईडी की गिरफ्तारी के बाद से सीधे अगर शुक्रवार 13 सितंबर को केजरीवाल की रिहाई हो रही होती तो उनको 177 दिन में काटने पड़ते, लेकिन 21 दिन की रिहाई को कम करने से जेल में रहने वाले दिनों की संख्या 156 दिन बैठती है।

### लगाई गई शर्तें

अरविंद केजरीवाल न तो मुख्यमंत्री कार्यालय और न ही सचिवालय जा सकेंगे।
किसी भी सरकारी फाइल पर तब तक दस्तखत नहीं करेंगे, जब तक ऐसा करना जरूरी न हो।
अपने ट्रायल को लेकर कोई सार्वजनिक बयान या टिप्पणी नहीं करेंगे।
किसी भी गवाह से किसी तरह की बातचीत नहीं करेंगे।
इस केस से जुड़ी किसी भी आधिकारिक फाइल तक पहुंच नहीं रखेंगे।
जरूरत पड़ने पर ट्रायल कोर्ट में पेश होंगे और जांच में सहयोग करेंगे।

# हरियाणा में आप को झटका, गज्जन सिंह गोबिंदपुरा ने दिया इस्तीफा

**कैथल।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में सभी 90 सीटों पर आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवार उतारे हैं और राज्य में जमीन तलाशने की कोशिश कर रही है। शनिवार को पार्टी को उस समय झटका लगा जब कैथल जिला अध्यक्ष गज्जन सिंह गोबिंदपुरा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता को भेज दिया है।




गुप्ता को भेजे पत्र में गज्जन सिंह गोबिंदपुरा ने लिखा, पार्टी ने मुझे जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी थी। पार्टी की ओर से मिली इस जिम्मेदारी को मैंने पूरी ईमानदारी से निभाने का प्रयास किया है। अब मैं अपनी इच्छा से पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं। मुझे जो पार्टी में सम्मान दिया गया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। आम आदमी पार्टी की ओर से गज्जन सिंह गोबिंदपुरा पहले नेता नहीं हैं जिन्होंने इस्तीफा दिया। हाल ही में रोहतक के आप नेता लवलीन टुटेजा कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उन्हें कांग्रेस पार्टी में शामिल कराया। लवलीन ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, उसे वह निभाएंगे।

उन्होंने कहा, रोहतक की जनता पानी की समस्या, बिजली, सीवरेज जैसी समस्याओं से जूझ रही है। मैं समझता हूं कि कांग्रेस पार्टी इन समस्याओं को दूर कर सकती है। बता दें कि हरियाणा में 5 अक्टूबर को मतदान होना है और 8 अक्टूबर को परिणाम घोषित किए जाएंगे। राज्य में मुख्य रूप से भाजपा और कांग्रेस में टक्कर है। लेकिन, आम आदमी पार्टी का दावा है कि वह अपनी गारंटी के दम पर प्रदेश में सरकार बनाएगी। आप और भाजपा ने प्रदेश की सभी 90 सीटों पर अपने-अपने उम्मीदवार उतारे हैं। कांग्रेस भी अकेले चुनाव लड़ रही है। बीच में कांग्रेस और आप में गठबंधन पर चर्चा हुई थी, लेकिन कोई हल नहीं निकला। आप के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में आप उम्मीदवारों के समर्थन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चुनाव प्रचार के लिए आएंगे।

# आजादी के बाद से ही विदेशी ताकतों के निशाने पर जम्मू-कश्मीर : पीएम मोदी

**जम्मू।** विधानसभा चुनाव की तारीखों के करीब आने के साथ ही चुनाव प्रचार का दौर तेज हो गया है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां डोडा में एक जनसभा को संबोधित किया करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर शुरू से ही विदेशी ताकतों के निशाने पर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इस बार का चुनाव, जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करने वाला है। आजादी के बाद से ही हमारा प्यारा जम्मू-कश्मीर विदेशी ताकतों के निशाने पर आ गया। इसके बाद इस खूबसूरत राज्य को परिवारवाद ने खोखला करना शुरू कर दिया। यहां जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया, उन्होंने आपके बच्चों की चिंता नहीं की। जम्मू-कश्मीर के मेरे नौजवान आतंकवाद में पिसते रहे और परिवारवाद को आगे बढ़ाने वाली पार्टियां आपको गुमराह कर मौज काटती रहीं। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर की जनता ने आतंकवाद और अलगाववाद के कारण बहुत कुछ सहा। लेकिन हमारी सरकार ने जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए काम किया और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। हमारी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विकास की राह पर लाने के लिए काम किया। हमने जम्मू-कश्मीर में सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा की व्यवस्था की। जम्मू कश्मीर में रहने वाला कोई भी व्यक्ति, चाहे वो किसी भी मजहब का हो, किसी भी वर्ग का हो, उसके हर अधिकार की रक्षा भाजपा की प्राथमिकता और मोदी की गारंटी है। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का काम भी भाजपा सरकार ही करेगी। लेकिन आपको ऐसे लोगों से सावधान रहना है, जो अपने स्वार्थ के लिए आपका अधिकार छीनते रहे हैं। आजकल ये लोग संविधान को अपनी जेब में रखते हैं। सिर्फ अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए ये लोग यह दिखावा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि परिवारवाद वाली पार्टियों ने जम्मू-कश्मीर में नये नेतृत्व को कहीं भी कभी भी उभरने ही नहीं दिया। दशकों तक परिवारवाद ने यहां के बच्चों, नौजवानों को आगे नहीं आने दिया। उन्होंने कहा, यही वजह है कि मैंने जम्मू कश्मीर में नौजवानों की नई लीडरशिप को आगे लाने का प्रयास किया।



# दुर्भाग्य से ज्ञानवापी को मस्जिद कहते हैं कुछ लोग : सीएम योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के चारों कोनों में आध्यात्मिक पीठों की स्थापना करने वाले आदि शंकर की काशी में की गई साधना के समय भगवान विश्वनाथ द्वारा ली गई परीक्षा के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि दुर्भाग्य से आज जिस ज्ञानवापी को कुछ लोग मस्जिद कहते हैं वह ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ जी ही हैं। सीएम योगी शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में ह्यसमरस समाज के निर्माण में नाथ पंथ का अवदानह्व विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। यह दो दिवसीय संगोष्ठी गोरखपुर विश्वविद्यालय और हिंदुस्तानी एकेडमी प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। दीक्षा भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं नाथपंथ की अध्यक्षीय पीठ, गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने संतों और ऋषियों की परंपरा को समाज और देश को जोड़ने वाली परंपरा बताते हुए आदि शंकर का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केरल में जन्मे आदि शंकर ने देश के चारों कोनों में धर्म-अध्यात्म के लिए महत्वपूर्ण पीठों की स्थापना की। आदि शंकर जब अद्वैत ज्ञान से परिपूर्ण होकर काशी आए तो भगवान विश्वनाथ ने उनकी परीक्षा लेनी चाही। ब्रह्म मुहूर्त में जब आदि शंकर गंगा स्नान के लिए निकले तब भगवान विश्वनाथ एक अछूत के वेश में उनके सामने खड़े हो गए। आदि शंकर ने जब उनसे मार्ग से हटने को कहा तब उसी रूप में भगवान विश्वनाथ ने उनसे पूछा कि आप यदि अद्वैत ज्ञान से पूर्ण हैं तो आपको सिर्फ भौतिक काया नहीं देखनी चाहिए। यदि ब्रह्म सत्य है तो मुझमें भी वही ब्रह्म है जो आपमे है। हतप्रभ आदि शंकर ने जब अछूत बने भगवान का परिचय पूछा तो उन्होंने बताया कि मैं वही हूं, जिस ज्ञानवापी की साधना के लिए वह (आदि शंकर) काशी आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ स्वरूप ही है। भारतीय ऋषियों-संतों की परंपरा सदैव जोड़ने वाली रही है। इस संत-ऋषि परंपरा ने प्राचीन काल से ही समतामूलक और समरस समाज को महत्व दिया है। हमारे संत-ऋषि इस बात ओर जोर देते हैं भौतिक अस्पृश्यता साधना के साथ राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए बाधक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पृश्यता को दूर करने पर ध्यान दिया गया होता तो देश कभी गुलाम नहीं होता। संत परंपरा ने समाज में छुआछूत और अस्पृश्यता को कभी महत्व नहीं दिया। यही नाथपंथ की भी परंपरा है। नाथपंथ ने हरेक जाति, मत, मजहब, क्षेत्र को सम्मान दिया। सबको जोड़ने का प्रयास किया। नाथपंथ ने काया की शुद्धि के माध्यम से एक तरफ आध्यात्मिक उन्नयन पर जोर दिया तो, दूसरी तरफ समाज के हरेक तबके को जोड़ने के प्रयास किए। सीएम योगी ने कहा कि महायोगी गुरु गोरखनाथ जी की शब्दियों, पदों और दोहों में समाज को जोड़ने और सामाजिक समरसता की ही बात है। उनकी गुरुता भी सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए प्रतिष्ठित है। यहां तक कि मलिक मुहम्मद जायसी ने भी कहा है, बिनु गुरू पंथ न पाइये, भूलै से जो भेंट, जोगी सिद्ध होई तब, जब गोरख सौं भेंट। संत कबीरदास भी उनकी महिमा का बखान करते हैं तो गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं, ह्यगोरख जगायो जोग, भगति भगायो लोग निगम नियोग सों ह्व सीएम योगी ने कहा कि संत साहित्य की परंपरा, इसकी श्रृंखला गुरु गोरखनाथ के साहित्य से आगे बढ़ती है। पीताम्बर दत्त ने गोरखवाणी को संकलित किया और इसके लिए उन्हें हिंदी में डी. लिट् की उपाधि प्राप्त हुई। योगी ने समाजिक समरसता और समतामूलक समाज को लेकर संतों की पद्धतियों, साहित्य के कुछ उद्धरण भी दिए। उन्होंने कहा कि संत रामानंद ने उपासना विधि की एक विशिष्ट पद्धति को बढ़ाया लेकिन छुआछूत को कभी महत्व नहीं दिया। एक तरफ रविदास उनके शिष्य थे तो दूसरी तरफ कबीरदास।



# खन्ना में आप नेता की हत्या के मामले में अकाली नेता गिरफ्तार, भाई फरार

**पंजाब।** खन्ना में नौ सितंबर को आम आदमी पार्टी के किसान विंग के नेता त्रिलोचन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में दूसरे आरोपी अकाली नेता तेजिंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि उसका भाई कुलविंदर सिंह अभी फरार है। सदर थाना एसएचओ हरदीप सिंह ने कहा कि अभी एक आरोपी फरार है जिसे जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नौ सितंबर को आम आदमी पार्टी के नेता त्रिलोचन सिंह का कत्ल हुआ था। उसी दिन उनका शव खन्ना के सरकारी अस्पताल में रखवाया गया था। परिजनों और ग्रामीणों ने शर्त रखी थी कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद परिवार वालों ने शनिवार सुबह शव का पोस्टमार्टम शुरू करवाया। वहीं पुलिस जिला खन्ना के एसपी डी सौरभ जिंदल ने राजनीति के चलते हत्या की बात को खारिज कर दिया है। त्रिलोचन सिंह ने पिछली बार भी गांव में सरपंच का चुनाव लड़ा था लेकिन वे हार गए थे। कुछ समय पहले वे आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। पार्टी की तरफ से उन्हें किसान विंग का अध्यक्ष बनाया गया था। त्रिलोचन सिंह इस बार भी गांव में सरपंच का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच उनका मर्डर कर दिया गया। एसएचओ हरदीप सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश कई दिनों से की जा रही थी। हमें सूचना मिली थी कि खन्ना के आसपास इलाके में आरोपी छिपा है। इसके बाद रेड कर आरोपी तेजिंदर सिंह को पकड़ लिया गया।



# मंगेश यादव एनकाउंटर : अखिलेश यादव ने कहा, पुलिस विभाग साजिश करने में जुटा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगेश यादव एनकाउंटर को लेकर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी पुलिस विभाग साजिश करने में जुटा है। अखिलेश यादव ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मैं मंगेश के परिवार से मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस साजिश करने और एनकाउंटर करने का काम कर रही है। पुलिस को दिए गए मंगेश के परिवार के बयान पर उन्होंने कहा कि पुलिस के डर से कोई भी कुछ भी बयान दे सकता है। मंगेश यादव को घर से उठाकर मारा गया था। मैं सच्चाई जानने के लिए उनके परिवार से मिला था। अखिलेश यादव ने कल आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बयान दिया था कि मठाधीश और माफिया एक ही जैसे होते हैं। उन्होंने कहा कि जब किसी नेता ने नारा दिया था कि 'इनको मारो जूते चार' तो इन लोगों ने क्यों नाराजगी नहीं जताई थी। खिलेश ने कहा कि अयोध्या में जमीनों को लेकर घोटाला हुआ है। सिर्फ जमीन नहीं, बल्कि तालाब भी खत्म कर दिए गए। वह भारतीय जनता पार्टी नहीं, बल्कि भारतीय जमीन पार्टी बन गई है। मुझे अब दिल्ली निकलना है। हम दिल्ली को और आगे बढ़ाएंगे।



इसके अलावा अखिलेश यादव ने कहा कि सपा-बसपा का गठबंधन देश की राजनीति को बदलने वाला था, लेकिन हमें धोखा मिला। ये बात बहुत छोटी है कि किसने किसका फोन नहीं उठाया। जिस समय मुझे गठबंधन टूटने की सूचना मिली उस समय बसपा के एक नेता मेरे साथ मंच पर बैठे थे। मैंने उनसे पूछा कि गठबंधन क्यों तोड़ा? तो उन्होंने कहा कि हमें और आपको दोनों को धोखा मिला है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में 370 हटने के बाद पहली बार चुनाव हो रहे हैं। सपा वहां चुनाव लड़ रही है। राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनने के लिए छोटे राज्यों में अच्छे मौके मिलते हैं।

# अखिलेश यादव के बयान पर पूरे प्रदेश में बवाल, भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जलाया पुतला, बोले- माफी मांगें

**लखनऊ।** भाजयुमो कार्यकताओं ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर आक्रोश व्यक्त करते हुए उनका पुतला जलाया और उनसे देश के सभी हिंदुओं से माफी मांगने की बात कही। माफिया और मठाधीशों को एक जैसा बताने के बयान पर भाजपा व इसके सहयोगी संगठन सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भड़क गए हैं और पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करते हुए पुतले जलाए। लखनऊ में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने नाराजगी जताते हुए हजरतगंज में अखिलेश यादव का पुतला जलाया और नारेबाजी की। कार्यकताओं ने कहा कि अखिलेश यादव को अहंकार नहीं करना चाहिए और हिंदू धर्मगुरुओं का सम्मान करना चाहिए। अगर उनमें हिम्मत है तो वो वक्फ बोर्ड पर बोलकर दिखाएं। कार्यकताओं ने कहा कि आज का हिंदू चुप नहीं बैठेगा।



वो हिंदुओं को गाली देने की राजनीति कर रहे हैं। उन्हें इसके लिए देश के सभी हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए।

बता दें कि बीते दिनों हुई एक प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने बयान दिया था कि माफिया और मठाधीश एक जैसे ही हैं। दोनों में ज्यादा फर्क नहीं है। इसके अलावा उन्होंने अयोध्या में भाजपा नेताओं पर जमीनों का घोटाला करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं व अफसरों ने मिलकर गरीबों की जमीन को सस्ते में खरीद लिया और उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया और खुद ऊंचे दामों पर जमीनों का सौदा किया। वहीं, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि ये अखिलेश यादव का अहंकार है। वो हिंदुओं को अपमानित करने की राजनीति कर रहे हैं। उनके पिता ने हिंदुओं पर गोलियां चलवाई थी। अखिलेश यादव अहंकारी व तानाशाही हैं। उन्हें देश के सभी हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए।

# 'एक तरफ तीन खानदान, दूसरी ओर युवा, ये चुनाव जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करेगा'

## डोडा में विपक्षियों पर बरसे पीएम

**जम्मू कश्मीर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जम्मू-कश्मीर के डोडा में बड़ी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का काम भी भाजपा सरकार ही करेगी। लेकिन आपको ऐसे लोगों से सावधान रहना है, जो अपने स्वार्थ के लिए आपका अधिकार छीनते रहे हैं।

### तीन खानदानों ने मिलकर जम्मू-कश्मीर को बर्बाद किया : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा, 'जम्मू कश्मीर का इस बार का विधानसभा चुनाव तीन खानदानों और जम्मू-कश्मीर के नौजवानों के बीच में है। ये तीन खानदान...एक खानदान कांग्रेस का है, एक खानदान नेशनल कॉन्फ्रेंस का है और एक खानदान पीडीपी का है। इन तीन खानदानों ने मिलकर आपके साथ जो किया है वो किसी पाप से कम नहीं है। ये तीनों खानदान जम्मू-कश्मीर को सालों तक बर्बाद करने के लिए जिम्मेदार हैं। बीते सालों में जम्मू कश्मीर में विकास का नया दौर आया है। इसका श्रेय यहां के नौजवानों को ही जाता है। मैं आज जम्मू कश्मीर के युवा को चाहे वो बेटी हो या बेटा हो, उनके जोश और जज्बे को सेल्यूट करता हूं।'

### परिवारवादी नहीं चाहते थे कि युवा राजनीति में आए : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि यहां पंचायत के चुनाव 2000 के बाद नहीं हुए थे, यहां बीडीसी के चुनाव कभी भी नहीं हुए थे। दशकों तक परिवारवाद ने यहां के बच्चों और होनहार नौजवानों को आगे नहीं आने दिया। परिवारवादी नहीं चाहते थे कि युवा राजनीति में आए। 2014 में सरकार में आने के बाद मैंने जम्मू-कश्मीर में नौजवानों की नई लीडरशीप को आगे लाने का प्रयास किया है। फिर 2018 में यहां पंचायत के चुनाव कराए गए, 2019 में बीडीसी के चुनाव हुए और 2020 में पहली बार डीडीसी के चुनाव कराए गए। ये चुनाव इसलिए कराए गए ताकि जम्मू-कश्मीर में डेमोक्रेसी ग्रासरूट तक पहुंचे।

पीएम मोदी ने कहा, 'आजादी के बाद से ही हमारा प्यारा जम्मू-कश्मीर विदेशी ताकतों के निशाने पर आ गया। इसके बाद इस खूबसूरत राज्य को परिवारवाद ने खोखला करना शुरू कर दिया। जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया उन्होंने आपके बच्चों की चिंता नहीं की। उन राजनीतिक दलों ने सिर्फ अपने बच्चों को आगे बढ़ाया। जम्मू-कश्मीर के मेरे नौजवान आतंकवाद में पीसते रहे। परिवारवाद को आगे बढ़ाने वाली पार्टियां आपको गुमराह करके मौज काटती रही। इन लोगों ने जम्मू कश्मीर में नए नेतृत्व को कभी उभरने ही नहीं दिया।'



### जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करने वाला चुनाव : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा, 'इस बार जम्मू-कश्मीर का चुनाव, जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करने वाला है। आजादी के बाद से ही हमारा प्यारा जम्मू-कश्मीर विदेशी ताकतों के निशाने पर आ गया। इसके बाद इस खूबसूरत राज्य को परिवारवाद ने खोखला करना शुरू कर दिया। यहां जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया, उन्होंने आपके बच्चों की चिंता नहीं की। उन्होंने सिर्फ और सिर्फ अपने बच्चों को आगे बढ़ाया। जम्मू-कश्मीर के मेरे नौजवान आतंकवाद में पिसते रहे। और परिवारवाद को आगे बढ़ाने वाली पार्टियां आपको गुमराह करके मौज काटती रही। इन लोगों ने जम्मू-कश्मीर में नए नेतृत्व को कहीं भी, कभी भी उभरने ही नहीं दिया।'

### 'एक सुरक्षित जम्मू-कश्मीर बनाएंगे, यह मोदी की गारंटी'

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि एक सुरक्षित जम्मू कश्मीर का निर्माण करेंगे। यह चुनाव जम्मू कश्मीर का भाग्य तय करेगा। पीएम ने कहा कि मैं आपके इस प्यार और आशीर्वाद का बदला आपके और देश के लिए दोगुनी और तिगुनी मेहनत से चुकाऊंगा। हम सब मिलकर एक सुरक्षित और समृद्ध जम्मू-कश्मीर बनाएंगे और यह मोदी की गारंटी है।

# हिमाचल में जमकर बरसे बादल, राज्य में भूस्खलन से 156 सड़कें बाधित

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान बादल जमकर बरसे हैं। वहीं लाहौल-स्पीति, किन्नौर की ऊंची चोटियां बर्फ से सफेद हो गई हैं। शुक्रवार रात को हुई ताजा बर्फबारी के बाद लाहौल की चोटियां चांदी की तरह चमकीं। कुल्लू, शिमला सहित अन्य जिलों में रातभर बारिश का दौर जारी रहा। बर्फबारी से सुबह-शाम ठंडक बढ़ गई है। लाहौल घाटी में भी ठंड लगातार बढ़ रही है। इसका असर मनाली-लेह मार्ग की आवाजाही भी पड़ रहा है। रोहतांग दर्रा के साथ शिंकुला, हनुमान टिब्बा, लदाखी पीक, शिंकुला के साथ बारालाचा दर्रा में भी बर्फ गिरी है।



### 383 बिजली ट्रांसफार्मर भी प्रभावित

बीते 24 घंटों के दौरान कटौला में 78.4, पालमपुर 68.0, बैजनाथ 60.0, मंडी 58.4, गुलेर 56.4,धर्मशाला 53.0, कुफरी 51.4, शिमला 50.0, जोगिंद्रनगर 50.0, नयनादेवी 48.6, कांगड़ा 46.6, नगरोटा सूरियां 46.0, सोलन 22.6, मनाली 28.0, कसौली सुबह 10 :00 बजे तक एक नेशनल हाईवे सहित 156 सड़कें बाधित थीं। एक पुल भी क्षतिग्रस्त हैं। इसके अतिरिक्त 383 बिजली ट्रांसफार्मर भी प्रभावित हैं। सबसे ज्यादा सड़कें, बिजली आपूर्ति शिमला, मंडी, किन्नौर व लाहौल-स्पीति जिले में प्रभावित हैं। राजधानी शिमला में आज हल्की धूप खिलने के साथ बादल छाए हुए हैं। भारी बारिश के चलते आए मलबे से चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे 9 मील के पास करीब नौ घंटे बंद रहा। मलबे की चपेट में एक थार गाड़ी भी आ गई।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। रविवार 15 सितम्बर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित









# पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर में किया चुनावी शंखनाद
## कहा- जम्मू-कश्मीर विकास की नई गाथा लिख रहा है



**जम्मू-कश्मीर।** कश्मीर फतह के लिए मोदी ने 'मिशन कश्मीर' शुरू कर दिया है। पीएम मोदी ने आज जम्मू-कश्मीर में चुनावी शंखनाद किया।

डोडा स्पोर्ट्स स्टेडियम में पीएम मोदी चुनावी रैली को संबोधित कर रहे है। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान में जम्मू-कश्मीर विकास की नई गाथा लिख रहा है। इस बार का विधानसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करने वाला है। मैं आपके इस प्यार और आशीर्वाद का बदला आपके और देश के लिए दोगुनी-तिगुनी मेहनत करके चुकाऊंगा। हम सब मिलकर एक सुरक्षित और समृद्ध जम्मू-कश्मीर का निर्माण करेंगे। और यह मोदी की गारंटी है। परिवारवाद ने जम्मू-कश्मीर को खोखला किया है। जम्मू-कश्मीर विदेशी ताकतों के निशाने पर है। आप सभी यहां डोडा, किश्तवाड़ और रामबन के अलग अलग हिस्सों से पहुंचे हैं। यहां आने के लिए आपने घंटों सफर किया है। इसके बावजूद आपके चेहरे पर थकान का नाम और निशान नहीं है।

चारों ओर जोश ही जोश है। ये चुनाव तीन खानदान और नौजवानों के बीच है। जम्मू-कश्मीर में आ रहा बदलाव हमारी सरकार की बीते 10 सालों की कोशिशों का नतीजा है। जम्मू कश्मीर में आतंकवाद आज अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। हम और आप मिलकर एक सुरक्षित और समृद्ध जम्मू-कश्मीर का निर्माण करेंगे।

# बारावफात और विश्वकर्मा जयंती को लेकर पुलिस कमिश्नरेट हुई अलर्ट
## फील्ड पर मुस्तैद रहेंगे पुलिस के सभी स्तर के अधिकारी, डीजीपी का निर्देश
## सोशल मीडिया से लेकर संवेदनशील इलाकों पर रहेगी नजर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों डीजीपी प्रशांत कुमार ने बारावफात और विश्वकर्मा जयंती को लेकर फील्ड के अफसरों को सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता बंदोबस्त करने के निर्देश दिए हैं।



वहीं कार्यक्रमों के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर सादी वर्दी में पुलिस कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी जोन के एडीजी, पुलिस कमिश्नर, रेंज के आईजी व डीआईजी, जिलों के एसएसपी व एसपी को भेजे पत्र में कहा है कि पिछले वर्षों में जिन-जिन स्थानों पर किसी तरह का विवाद सामने आया हो, वहाँ पुलिस व राजस्व विभाग के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा स्थिति का अध्ययन कर विवाद को सुलझाने एवं संवेदनशीलता को दूर करने की कार्रवाई की जाये। किसी भी नई परंपरा की अनुमति न दी जाए। असामाजिक तत्वों की सूची को अपडेट करते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने कहा है कि कमिश्नरेट पुलिस हर ओर नजर रखने का काम करेगी।

### ड्रोन कैमरों से रखी जाएगी हर एक्टिविटी पर नजर



करंट क्राइम : एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने कहा है कि कमिश्नरेट पुलिस को निर्देश दिए हैं कि शोभायात्रा के दौरान समुचित वीडियोग्राफी कराई जाए, सीसीटीवी कैमरो को सक्रिय करा लिया जाये और ड्रोन कैमरों से भी निगरानी रखी जाये। जुलूसों में सुरक्षा के लिये योजनाबद्ध रूप से पुलिस प्रबन्ध किया जाए। जुलूस में बाक्स फार्मेट में चारों तरफ आगे पीछे व दोनो तरफ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। जुलूस के आगे-पीछे राजपत्रित अधिकारियों की ड्यूटी जरूर लगाई जाए। थाना प्रभारी व क्षेत्राधिकारियों द्वारा प्रत्येक छोटी से छोटी घटना को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर विवाद को हल करने के लिए कड़े एवं प्रभावी उपाय किए जाएं।

### सोशल मीडिया पर रहेगी निगरानी

करंट क्राइम : आईपीएस अधिकारी दिनेश कुमार पी ने कहा है कि सोशल मीडिया की राउण्ड द क्लॉक मॉनिटरिंग करने के लिए कहा गया है। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे- फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर एवं व्हाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रामक/आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित होने पर तत्काल संज्ञान लेकर सम्बन्धित के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए और ऐसी सूचनाओं का खंडन किया जाए।

# हे राम! चार महीने से चल रहा था जूस की दुकान पर यूरिन पिलाने का काम
## मिक्स जूस में चार हजार से ज्यादा लोगों को परोसा गया यूरिन वाला जूस
## पुलिस की जांच के बाद खुलासा, स्थानीय लोगों ने बंद कराई चार अन्य दुकानें



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के लोनी बॉर्डर थानाक्षेत्र में इंद्रापुरी पुलिस चौकी के पास एक जूस कॉर्नर में यूरिन पिलाई जाने के मामले में पुलिस की ओर से एक चौंकाने वाला खुलासा किया गया है। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार खुशी जूस कॉर्नर पर बीते करीब चार महीने से मिक्स जूस में यूरिन पिलने का खेल चल रहा था। साथ ही पुलिस के अधिकारियों से जानकारी मिली है कि अब तक करीब 4000 से ज्यादा ग्राहकों को यूरिन वाला मिक्स जूस पिला चुके हैं। पुलिस ने जो दुकान से यूरिन की कैन बारामद की थी, उसे सील कर जांच के लिए सैंपल लेकर निवाड़ी की लैब भेजा है, अगर निवाड़ी लैब से इसका टेस्ट क्लियर नहीं हुआ, तो फिर

### स्थानीय पार्षद ने चार और दुकानें कराई बंद

करंट क्राइम : स्थानीय पार्षद लोकेंद्र कुमार ने कहा है कि हम लोगों ने कुछ और जूस की दुकानें बंद कराई हैं, क्योंकि यहां पर हम लोगों को समझ में नहीं आ रहा है कि यह एक साजिश है या किसी जिहादी मानसिकता के लोग हैं। जो आपसी भाईचारा खत्म करना चाहते हैं। बलराम नगर 100 फुटा रोड पर चार दुकानें शनिवार को बंद कराई गई हैं, यह सभी दुकानें हिंदू नाम से संचालित हैं लेकिन उनके संचालक मुस्लिम थे।

### सोशल मीडिया पर ट्रेंड हो गया है यूरिन जूस मैटर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के देहात जोन के अंतर्गत आने वाले लोनी बॉर्डर क्षेत्र में जिस तरीके से जूस की दुकान में यूरिन मिलकर परोसे जाने का मामला सामने आया है, यह मामला ट्विटर के साथ ही सोशल मीडिया के अन्य एप्लीकेशन पर भी जमकर वायरल हो रहा है। लोग इसको लेकर कई तरह की टिप्पणी कर रहे हैं। साथ ही इसको लेकर दो संप्रदायों के बीच भावनाओं भड़काने का काम भी शुरू हो गया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी का कहना है कि इस पूरे मामले पर पुलिस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी नजर रख रही है ताकि किसी प्रकार से माहौल न खराब हो।

### जूस में यूरिन मैटर पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर का आरोप
## यह लोग जहर भी मिला सकते हैं
## एनएसए के तहत हो कार्रवाई



गाजियाबाद, करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के लोनी से विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने शनिवार को बाकायदा वीडियो बयान जारी करके उनकी विधानसभा क्षेत्र में जिस तरीके से एक जूस की दुकान पर यूरिन मिलाकर बेचे जाने का मामला सामने आया है। इसको लेकर बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि यह लोग जिहादी हैं, इन पर कार्रवाई की जानी चाहिए, यह जूस में जहर भी मिलाकर बेंच सकते हैं। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि यह मामला पूरी तरह से सनातन धर्म को साजिश के तहत खंडित करने का है। इससे हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। हर रोज पुलिस के तमाम अधिकारी इस दुकान पर जूस पीते हैं, मुझे इस मामले में पुलिस के अधिकारियों से एनएसए जैसी कार्रवाई की उम्मीद है।

## लोनी विधायक बोले, दुकान के बोर्ड पर संचालकों के लिखे जाने चाहिए नाम

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुकानों के आगे दुकानदार का नाम जाति धर्म लिखे जाने को लेकर अभियान शुरू किया था। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की फिर मामला शांत हो गया।

वहीं शुक्रवार को लोनी में जूस में यूरिन मिलने का मामला प्रकाश में आया, तो फिर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि दुकानों पर उनके संचालकों के ओरिजिनल नाम लिखा जाएं, यह फैसला सही था। लोनी विधायक ने कहा है कि जो अपनी पहचान छुपाते हैं, उनका बहिष्कार होना चाहिए। उन्होंने कहा है खुद हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए कि ऐसी दुकानों को चुने और जूस, फल, सब्जी ले जाए ठीक है यह लोग सिर्फ मूत्र नहीं जहर भी मिला सकते हैं। हमें खुद को बचाना है और उन्होंने कहा है कि समाज को बिगाड़ना और माहौल खराब करने वाले लोगों की लोनी में कोई जगह नहीं है।

# भगवा कमांडर के जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाओं का सैलाब
## वरिष्ठों के पैर छूकर लिया आशीर्वाद और फिर दिखाई दिया उनकी टीआरपी का जलवा









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कुछ लोग अपने व्यवहार से छा जाते हैं। कुछ ऐसे लोग होते हैं जो पद और कद होने के बाद भी एक हद में रहते हैं। राजनीति में किसने क्या मुकाम पाया है ये उसकी जुबान से नहीं पता चलता बल्कि वो कितना महान है ये पता तब चलता है जब कोई ऐसा मौका आये कि कार्यकर्ताओं से लेकर आमजनता उनके किसी कार्यक्रम में जाये। अध्यक्ष पद की डबल पारी खेल रहे संजीव शर्मा ने राजनीति में ये मुकाम पाया है।

शनिवार को जब उनका जन्मदिन था तो यहां इस बात का मुलाहिजा हो गया कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने उन्हें उनके जन्मदिन पर अब तक के सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष होने का खिताब ऐसे ही नहीं दिया था। संजीव शर्मा का जन्मदिन था और भगवा कमांडर के जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं देने वालों का एक सैलाब था। एक बार फिर से ये साबित हो रहा था कि संजीव शर्मा की टीआरपी का रैंक टॉप पर है। संजीव शर्मा ने भी अपने व्यवहार से ये साबित कर दिया कि व्यक्ति राजनीति में केवल सरकार से लोकप्रिय नहीं होता है वो अपने व्यवहार से लोकप्रिय होता है।

संजीव शर्मा के जन्मदिन पर सबसे खास बात उनकी विनम्रता थी और उनके संस्कार थे। राजनीति में ये संस्कार बताते हैं कि व्यक्तित्व का प्रकार कैसा है। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को बधाई देने के लिए सांसद, मेयर, विधायक, कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, पूर्व विधायक, संगठन के पदाधिकारी और पार्टी के सामान्य कार्यकर्ता पहुंचे। संजीव शर्मा ने चेहरे पर वही मुस्कान लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सियासत में शिष्टाचार, संस्कार और सम्मान की परिपाटी का पालन करते हुए एक बड़ी लाईन आने वाले अध्यक्षों के लिए भी खींची है।

संजीव शर्मा ने यहां पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के पांव छू कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर के पांव छूए और उनका आशीर्वाद लिया। संजीव शर्मा ने मेयर सुनीता दयाल के पांव छूकर उनका आशीर्वाद लिया। सम्मान की कड़ी में उन्होंने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के पैर छूकर उनका आशीर्वाद भी लिया और उनका आभार भी व्यक्त किया। राजनीति में ये सीन भी बिरले होते हैं जब भगवा कमांडर ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के पांव छूए। सियासत में सम्मान की परम्परा और अपने से वरिष्ठ नेताओं के सम्मान में मंच पर पांव छूना वास्तव में महान व्यक्तित्व का परिचय है।

संजीव शर्मा के जन्मदिन पर शहर विधानसभा में बैंकट हॉल के बाहर जाम लग गया। अन्दर ये हालत थी कि लगातार तीन घंटे तक बधाई देने वालों की ही एक कतार लगी रही। संजीव शर्मा के जन्म दिन पर उनकी टीआरपी प्रथम रही और बाकी औपचारिकताएं द्वितीय रहीं। बूथ के अध्यक्ष से लेकर सरकार के मंत्री तक जन्मदिन में पहुंचे। रिमझिम फुहारों के बीच जन्मदिन की बधाई की बहारें रहीं। उपचुनाव से पहले ये जन्मदिन आया और यहां पूरे शहर ने आकर जिस तरह से बधाई दी है उस तरह से ये जन्मदिन दावेदारी को मजबूत कर रहा है। लोकप्रियता का जलवा यहां सिर चढ़कर बोल रहा था और संजीव शर्मा के व्यवहार ने उन्हें वास्तव में शहर का भी एक लोकप्रिय चेहरा बना दिया है और राजनीति में लोकप्रियता का मतलब ही जन का प्रतिनिधि होता है।

जन्मदिन की ये भीड़ बता रही थी कि वो चाहे मामला किसी कार्यकर्ता का हो। वो मामला चाहे ई-रिक्शा वालों का हो। सभी में संजीव शर्मा एक जन नेता के रूप में पहुंचते हैं और जब उनका जन्मदिन आया है तो शहर की जनता से लेकर इस पार से लेकर उस पार के कार्यकर्ता अपने प्रिय चेहरे को जन्मदिन की बधाई देने आये हैं। राजनीति में अपने व्यवहार से, राजनीति में अपनी लोकप्रिय कार्यशैली से संजीव शर्मा ने एक बड़ा दायरा बनाया है और इस दायरे में उन्होंने पूरे शहर को समाया है।

## संपादकीय

# पीएम ई-ड्राइव योजना

देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने दो योजनाओं को मंजूरी दी और इनके लिए 14,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया। देश में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए ईवी को प्रोत्साहन देना जरूरी है। द पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवॉल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहैंसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना के लिए 10,900 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया जो अगले दो वर्षों में फास्टर एडाप्शन ऐंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ (हाइब्रिड एंड) इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (फेम) को प्रतिस्थापित करेगी। फेम की शुरूआत 2015 में 900 करोड़ रुपये की आरंभिक पूंजी की मदद से की गई थी। इस योजना का दूसरा संस्करण जो गत वित्त वर्ष समाप्त हुआ उसमें 11,500 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया था। उम्मीद है कि नई योजनाएं देश में ईवी को अपनाए जाने की दिशा में मददगार होंगी और पिछली पहलों की कामयाबी को आगे ले जाएंगी। चूंकि ईवी की आरंभिक लागत पेट्रोल-डीजल इंजनों की तुलना में अधिक होती है इसलिए उसे अपनाने के लिए राजकोषीय समर्थन जरूरी माना जाता है।

पीएम ई-ड्राइव योजना की मदद से 24.7 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों, 3.16 लाख इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों और 14,028 ई बसों को मदद मिलने की उम्मीद है जिन्हें करीब 3,679 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा। इस योजना के तहत इलेक्ट्रिक ट्रक और इलेक्ट्रिक एंबुलेंस को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ रुपये प्रत्येक की राशि आवंटित की गई है जबकि 200 करोड़ रुपये का आवंटन 74,000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के लिए किया गया है।

इसके अलावा पीएम-ईबस सेवा-पेमेंट सिक्युरिटी मैकेनिज्म (पीएसएम) योजना के लिए 3,435.33 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है और यह सार्वजनिक परिवहन प्राधिकरण से ई बसों की खरीद और संचालन पर ध्यान केंद्रित करेगी। योजना के तहत चालू वर्ष से लेकर 2028-29 तक 38,000 इलेक्ट्रिक बसें शुरू की जानी हैं। योजना के तहत शुरूआती दिन से अगले 12 वर्षों तक बसों के परिचालन में भी मदद करेगी। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की मदद के अलावा इस बार वाणिज्यिक स्तर पर ईवी को अपनाने पर भी जोर है। उदाहरण के लिए इस बार इलेक्ट्रिक कारों के लिए कोई प्रावधान नहीं है। वाणिज्यिक वाहनों पर ध्यान देना समझ में आता है और राजकोषीय समर्थन अधिक मूल्यवान साबित हो सकता है क्योंकि वाणिज्यिक वाहन अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। उदाहरण के लिए अगर राजधानी में अधिक इलेक्ट्रिक ट्रक माल लेकर आएंगे तो इससे काफी राहत मिलेगी। इसी प्रकार इलेक्ट्रिक बसें भी देश के कई शहरों के यातायात के कारण होने वाला प्रदूषण कम करेंगी क्योंकि वे डीजल से चलने वाली बसों का स्थान लेंगी। सार्वजनिक परिवहन को बजट समर्थन महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इनमें से अधिकांश घाटे में हैं और इस स्थिति में नहीं हैं कि वे अहम निवेश कर सकें। ऐसे में यह महत्त्वपूर्ण है कि उनका योगदान सीमित रहे।

चार्जिंग स्टेशन पर ध्यान देना भी जरूरी है। इसी समाचार पत्र में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार एक ईवी चार्जिंग कंपनी ने भारतीय डाक सेवा के साथ मिलकर हैदराबाद के एक पोस्ट ऑफिस में ईवी चार्जिंग स्टेशन शुरू किया। ऐसे और प्रयासों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

## राज्यों के साथ मजबूत साझेदारी के जरिए आर्थिक विकास को बढ़ाएगी सरकार : पीयूष गोयल

**मुंबई।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को राज्य सरकारों के साथ मजबूत साझेदारी के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता जताई। पुनर्गठित व्यापार बोर्ड की तीसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की पहल भारत को अधिक पारदर्शी, कुशल और टिकाऊ व्यापार वातावरण की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को लाभ होगा।



उन्होंने वाणिज्य विभाग का जनसुनवाई पोर्टल भी लॉन्च किया। यह हितधारकों और अधिकारियों के बीच संचार को सुव्यवस्थित करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह व्यापार और उद्योग से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए एक सीधा और पारदर्शी चैनल प्रदान करता है। पोर्टल नियमित, निर्धारित बातचीत के लिए निश्चित वीडियो कॉन्फ्रेंस लिंक के अलावा, ऑन-डिमांड वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवाएं प्रदान करता है। मंत्रालय के अनुसार, पोर्टल की पहुंच वाणिज्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों और स्वायत्त निकायों जैसे डीजीएफटी, कॉफी बोर्ड, चाय बोर्ड, मसाला बोर्ड, रबर बोर्ड, एपीडा, एमपीईडीए, आईटीपीओ और ईआईसी तक फैली हुई है। मंत्री ने राज्यों में रोजगार को बढ़ावा देने और राज्य स्तरीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में वाणिज्य विभाग की भूमिका बढ़ाने के उद्देश्य से उठाए गए कदमों पर चर्चा की। सत्र में उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों की प्रस्तुतियां भी शामिल थी। इसमें निर्यात प्रोत्साहन और व्यापार करने में आसानी, हस्तक्षेप और राज्य-स्तरीय योजनाओं और उनकी उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया था। इस सत्र में 10 राज्य सरकारों के मंत्रियों ने हिस्सा लिया। मंत्री गोयल ने एक संशोधित इन-हाउस स्माइल-ईआरपी सिस्टम प्रणाली के साथ-साथ ईसीजीसी के नए ऑनलाइन सेवा पोर्टल का भी उद्घाटन किया।

# उत्तर प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को मिलेगा बड़ा प्लेटफॉर्म, सीएम योगी का विजन बनेगा माध्यम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को 'उद्यम प्रदेश' बनाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक तरफ जहां स्वयं प्रत्येक मंच से प्रदेश के उत्पादों की अक्सर ब्रांडिंग करते रहते हैं। वहीं, दूसरी तरफ शासन को निर्देशित कर विभिन्न आयोजनों के माध्यम से यहां के उद्यमियों को अपने उत्पाद की ब्रांडिंग का अवसर भी उपलब्ध कराते हैं। इस कड़ी में 25 से 29 सितंबर के बीच आयोजित होने जा रहा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो- 2024 (यूपीआईटीएस-2024) प्रदेश के पारंपरिक उद्यमियों के लिए 'वैश्विक महाकुंभ' साबित होगा। इस क्रम में, वाराणसी, अयोध्या,



गोरखपुर, प्रयागराज, झांसी मंडलों के 270 से अधिक स्थानीय व पारंपरिक उत्पादों के उद्यमियों ने विभिन्न कैटेगरीज के अंतर्गत अब तक रजिस्ट्रेशन करा लिया है। आने वाले दिनों में इस प्रक्रिया में और तेजी आएगी। रजिस्ट्रेशन कराने वाले उद्यमी हथकरघा, टेराकोटा, हस्तशिल्प, स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज, एमएसएमई, ओडीओपी समेत विभिन्न श्रेणियों के उद्यमों का संचालन कर रहे हैं, जो इस भव्य आयोजन में हिस्सा लेंगे। वहीं नए निर्यातक, हस्तशिल्पी व महिला उद्यमी भी आयोजन में सहभागिता को लेकर बेहद उत्साहित और आशान्वित हैं। उनका एक स्वर में कहना है कि सीएम योगी की नीतियां न केवल प्रदेश की परंपरा को संरक्षित कर रही है, बल्कि हमारे उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार तक पहुंच को भी सुलभ बना रही है। उनके अनुसार, इससे हमारे उत्पादों की पहुंच दुनिया के विभिन्न देशों तक हुई है। इससे हमारी कमाई में भी बढ़ोतरी होगी। वाराणसी मंडल के 44 हस्तशिल्पी, नए निर्यातक और महिला उद्यमी इंटरनेशनल ट्रेड शो में जाने के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। उद्योग विभाग के संयुक्त आयुक्त उमेश सिंह ने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में वाराणसी मंडल के 4 जिलों वाराणसी, चंदौली, जौनपुर और गाजीपुर के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के 20 उद्यमी हिस्सा लेंगे। वहीं, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (जिसमे लकड़ी के खिलौने, गुलाबी मीनाकारी, दरी, बेवरेज, मेडिकल प्रोडक्ट्स बायो फर्टिलाइजर, मसाला नूडल्स व बनारसी सिल्क उद्योग आदि शामिल हैं।

## पीएम आवास-ग्रामीण के तहत 10 लाख लाभार्थियों को मिलेगा अपना घर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत झारखंड, गुजरात, ओडिशा और अन्य राज्यों के लगभग 10 लाख लाभार्थियों को अगले सप्ताह स्वीकृति पत्र के साथ मकान के लिए पहली किस्त भी मिल जाएगी। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितम्बर को ओडिशा में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में स्वीकृति पत्र वितरित करेंगे तथा पीएमएवाई-



जी की पहली किस्त हस्तांतरित करेंगे। प्रधानमंत्री डिजिटल माध्यम से 3,180 करोड़ रुपये की पहली किस्त सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित करेंगे और 26 लाख लाभार्थियों का अपने नये घर का सपना पूरा होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास + 2024 ऐप भी लॉन्च करेंगे। इस ऐप का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को सूची में शामिल करके पक्के मकानों का आवंटन सुनिश्चित करना है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में ओडिशा को 22,572 घरों का लक्ष्य दिया गया है।

# चार साल में चार गुना बढ़े उत्तर भारत के निवेशक, प्रॉपर्टी और सोने की जगह बाजार में लगा रहे पैसा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के लोग अब प्रॉपर्टी और सोना जैसे पारंपरिक निवेशों के बजाय शेयर बाजार में पैसे लगा रहे हैं। यही वजह है कि पिछले चार वर्षों में शेयर बाजार में उत्तर भारत के निवेशकों की संख्या चार गुना बढ़ गई है। इसमें उत्तर प्रदेश, दिल्ली और राजस्थान सबसे आगे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2020 में शेयर बाजार में उत्तर भारत के कुल 88.4 लाख निवेशक थे। इस साल जुलाई तक इनकी संख्या चार गुना बढ़कर 3.57 करोड़ पहुंच गई है। इस अवधि में पश्चिम भारत के निवेशकों की संख्या 1.08 करोड़ से 182 फीसदी बढ़कर 3.05 करोड़ पहुंच गई। दक्षिण भारतीय निवेशकों की संख्या 75 लाख से 172 फीसदी बढ़कर 1.89 करोड़ पहुंच गई। पूर्वी भारत में अभी 1.19 करोड़ निवेशक है, जो 296 फीसदी ज्यादा




है। चार माह में बढ़े 33 लाख निवेशक आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अप्रैल से जुलाई तक उत्तर भारत में 33.3 लाख निवेशक बढ़े हैं। पश्चिमी भारत में 19.6 लाख और दक्षिण भारत में 14.9 लाख निवेशक बढ़े हैं। पूर्वी भारत में निवेशकों वाले प्रमुख राज्यों में उत्तर पूर्व, पश्चिम बंगाल और ओडिशा है।

### इसलिए लगातार बढ़ रही संख्या

2021 के बाद से देशभर में खुदरा निवेशकों की संख्या में जो चार गुना की बढ़त आई है, उसका अधिकांश हिस्सा यूपी जैसे कम पहुंच वाले बाजारों से आ रहा है। निवेशकों की संख्या में भारी तेजी का प्रमुख कारण लोगों की बढ़ती आय, शेयर बाजार के प्रति जागरुकता, इंटरनेट की बेहतर सुविधा है। विश्लेषकों ने कहा, आने वाले समय में बड़ी आबादी शेयर बाजार में निवेश करती दिखेगी।

### उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़कर 11 फीसदी पहुंची

उत्तर प्रदेश में वित्त वर्ष 2020 में 23 लाख निवेशक थे, जो कुल पंजीकृत निवेशकों का 7.4 फीसदी हिस्सा था। अब 1.10 करोड़ के साथ इसका हिस्सा 11.1 फीसदी हो गया है। महाराष्ट्र-गुजरात में निवेशकों की हिस्सेदारी में गिरावट आई है। महाराष्ट्र में 1.67 करोड़ निवेशक हैं। 2020 में इसकी हिस्सेदारी 19.2 फीसदी थी, जो अब 16.8 फीसदी रह गई है। 87 लाख निवेशकों के साथ गुजरात की हिस्सेदारी घटकर 8.8 फीसदी रह गई है।

## राशिफल

**मेष:** शारीरिक कष्ट संभव है। अनहोनी की आशंका रहेगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृष:** परीक्षा, प्रतियोगिता व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें।

**मिथुन:** पुराना रोग उभर सकता है। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। किसी व्यक्ति विशेष से विवाद हो सकता है। मान घटेगा।

**कर्क:** यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया लेनदारी वसूल होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

**सिंह:** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए कार्य मिल सकते हैं। सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। मान-सम्मान प्राप्त होगा।

**कन्या:** दुष्टजनों से दूर बनाएं। धार्मिक कार्य, पूजा-पाठ-दान इत्यादि में खर्च होगा। कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में रुके कार्य मनोनुकूल रहेंगे।

**तुला:** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें।

**वृश्चिक:** शत्रु नतमस्तक होंगे। आराम का वक्त प्राप्त होगा। चैन की सांस ले पाएंगे। थकान व कमजोरी रह सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें।

**धनु:** प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। अज्ञात भय रहेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मकर:** विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य में सफलता प्राप्त करेगा। अध्ययन संबंधी बाधा दूर होगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**कुंभ:** पुराना रोग उभर सकता है। बेवजह विवाद की स्थिति निर्मित होगी। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। भागदौड़ अधिक होगी।

**मीन:** थोड़े प्रयास से काम बनेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान-सम्मान प्राप्त होगा।

## चुटकुले

पप्पू : असली सुख क्या है?
फेकू : सर्दियों में आलू के पराठे हरी चटनी के साथ खाकर,
धूप में मगरमच्छ की तरह पड़े रहने में जो सुख है..
उसे ही असली सुख कहा गया है!

एक दुबली पतली सी लड़की ने वेलेंटाइन डे से पहले एक लड़के को 'आई लव यू' कहा
लड़के ने प्रपोजल का जबाव कुछ ऐसे दिया...
चेहरा भी तेरा खास कोई न...
हड्डियों पर मास तेरे कोई न...
मैं प्यार तुझसे खाक करूंगा...
तेरी तो 14 फरवरी तक जीने के आस कोई न।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है!
- जो देश दूध पीते हैं, वह स्मार्ट हैं और नोबेल पुरस्कार जीतने में ज्यादा सक्षम हैं!
- दूध प्रोटीन का प्रयोग लेटेक्स के निर्माण में किया जाता है, जिसका अर्थ है कि ज्यादातर कंडोम में दूध प्रोटीन होता है।
- कनाडा में, गाय को कृत्रिम हार्मोन से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए देने के लिए अवैध है।
- दुनिया भर में 65% दूध की खपत बकरी के दूध की है!
- केसी नेगी भारत के ऐसे वित्त मंत्री थे, जिन्होंने बजट पेश नहीं किया था, वे केवल 35 दिनों तक वित्त मंत्री रहे।
- ऐतिहासिक रूप से, दूध को चाय में जोड़ा जाता है और यह धन का चिन्ह था जब किसी ने बाद में दूध को चाय में जोड़ा, कम गुणवत्ता वाले चीनी मिट्टी के बरतन में चाय डालना कप को तोड़ देगा!
- मसालेदार भोजन खाने के बाद दूध मुंह को ठंडा करने के लिए बेहतर होता है। (दूध के उत्पादों में कैसिइन होता है, एक प्रोटीन जो स्वाद की कोंपल को जलाने से साफ करता है।)
- शीर्ष दूध पीने वाला देश फिनलैंड में लगभग 95 गैलन दूध / व्यक्ति / वर्ष है। शीर्ष 5 देश दूध पीने के मामले में सबसे ऊपर हैं, फिनलैंड (361.1 9 किलो), स्वीडन (355.86 किलो), नीदरलैंड (320.15 किलो), स्विट्जरलैंड (315 किलो) और ग्रीस (314.6 9 किलो) हैं।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## करंट क्राइम

15 09 2024


# आज के जन्मदिन

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन




राम्या कृष्णन
अभिनेत्री



लीला भाटी, ईशिता चौधरी, केजल अग्रवाल, नैंसी, शिवाय त्यागी, गीता खेड़ा, मीना सिंह



आदित चौधरी, आशीष गर्ग, भुपेंद्र सिंह रावत, सुमित शर्मा, लक्ष्य मावी, प्रशांत कौशिक, टिल्लू



सलमान पठान, राशिद अली, हरीश गुप्ता, अवधेश पचौरी, कुंवर पाल, राहुल मित्तल, भूरे चौधरी, निखिल, विक्रम चौधरी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

### ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज के निर्णायक मैच पर पोंटिंग ने कहा

# 'यह चुनौती बहुत कठिन है'







ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाला टी20 सीरीज का निर्णायक मैच बेहद रोमांचक होगा।

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि रविवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाला टी20 सीरीज का निर्णायक मैच बेहद रोमांचक होगा। इंग्लैंड ने कार्डिफ में खेले गए दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पर पोंटिंग ने कहा, अब यह बहुत ही चुनौतीपूर्ण है। सीरीज 1-1 की बराबरी पर है और यह ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड है। मुझे परवाह नहीं है कि यह कौन सा मैच है, आप श्रृंखला जीतना चाहते हैं। आर्चर बेहतर स्थिति में हैं और रीस टॉपली शायद वह हैं जिन्हें जाना चाहिए।

वह इतने लंबे समय से उस टीम का अहम हिस्सा रहे हैं, लेकिन प्रभावशाली प्रदर्शन को देखते हुए शायद टॉपली को जाना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया को निश्चित रूप से हेजलवुड को वापस लाना होगा। तीसरे मैच में दोनों टीमें पूरी ताकत लगाएंगी। हेजलवुड को ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे टी20 से आराम दिया गया था, जिसमें बीमारी के कारण मिचेल मार्श भी नहीं खेल पाए थे।

आर्चर को भी इंग्लैंड ने आराम दिया था, जबकि ब्रायडन कार्स ने कार्डिफ में (2-21) का शानदार स्पैल डाला। ओल्ड ट्रैफर्ड में सीरीज का फैसला होने के साथ, श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा ने राय दी कि रविवार के मैच के लिए कौन से खिलाड़ी फिट होंगे, खास तौर पर ऑस्ट्रेलिया के पास अपनी तेज गेंदबाजी इकाई की चोटों के कारण विकल्प कम हैं।

# नाओमी ओसाका ने चार साल बाद विम फिसेट के साथ कोचिंग साझेदारी समाप्त की



**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका ने विम फिसेट के साथ अपनी चार साल की कोचिंग साझेदारी समाप्त करने की घोषणा की है, जो उनके टेनिस सफर में एक महत्वपूर्ण बदलाव है। ओसाका ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम स्टोरीज पर इस बात की पुष्टि की, जिसमें उन्होंने फिसेट के उनके करियर में योगदान के लिए आभार और स्नेह व्यक्त किया।

ओसाका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पोस्ट में लिखा, ह्यचार साल, दो स्लैम और ढेर सारी यादें। एक बेहतरीन कोच और उससे भी बेहतर इंसान होने के लिए विम का शुक्रिया। आपको ढेर सारी शुभकामनाएं।ह्व

ओसाका और फिसेट का सहयोग दो अलग-अलग अवधियों में फैला था। उनका पहला अध्याय 2019 के ऑफसीजन के दौरान शुरू हुआ और 2022 की गर्मियों तक जारी रहा।

वे पिछली गर्मियों में फिर से मिले, जब ओसाका जुलाई 2023 में अपनी बेटी शाई के जन्म के बाद टेनिस में वापसी की तैयारी कर रही थीं। फिसेट के मार्गदर्शन में, ओसाका ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की, जिसमें 2020 यूएस ओपन और 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतना शामिल है। यह जोड़ी 2020 सिनसिनाटी ओपन और 2022 मियामी ओपन के फाइनल में भी पहुंची।

घोषणा का समय होलोजिक डब्ल्यूटीए टूर पर ओसाका की वापसी के आठ महीने बाद आया है, जो जनवरी में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में शुरू हुआ था। आशावादी दृष्टिकोण और छह शीर्ष 20 खिलाड़ियों पर प्रभावशाली जीत के बावजूद, ओसाका को अपनी वापसी में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, इस सीजन में उन्होंने जिन 16 टूर्नामेंटों में भाग लिया है, उनमें से केवल दो में क्वार्टर फाइनल तक पहुंच पाई हैं। उनकी वर्तमान रैंकिंग 75वें नंबर पर है।

ओसाका का सबसे हालिया टूर्नामेंट यूएस ओपन था, जहां उन्हें दूसरे राउंड में अंतिम सेमीफाइनलिस्ट कैरोलिन मुचोवा ने हराया था। उनका 2024 ग्रैंड स्लैम प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, क्योंकि वह चार प्रमुख टूर्नामेंटों में से किसी में भी दूसरे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाईं। हालांकि, उन्होंने 2020 के बाद से अपनी पहली शीर्ष 10 जीत क्वींस में पहले राउंड में जेलेना ओस्टापेंको के खिलाफ हासिल की।

मुचोवा से हारने के बाद, ओसाका ने अपने संघर्षों और अपने प्रदर्शन के भावनात्मक बोझ पर विचार किया। उन्होंने स्वीकार किया, यह थोड़ा मुश्किल रहा है क्योंकि जाहिर तौर पर मैं केवल परिणामों से ही अंदाजा लगा सकती हूं कि मैं कैसा प्रदर्शन कर रही हूं।मैं तेज महसूस करती हूं। मैं बेहतर महसूस करती हूं, लेकिन मैं दूसरे राउंड में हार गई।

# बल्लेबाजी क्रम में ऊपर जाने से मुझे अधिक जिम्मेदारी मिली है : लिविंगस्टोन

## 47 गेंदों में 87 रन की शानदार पारी खेली

**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड के विस्फोटक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन ने अपने 50वें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को यादगार बनाते हुए 47 गेंदों में 87 रन की शानदार पारी खेली और मेजबान टीम को कार्डिफ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में बराबरी हासिल करने में अहम भूमिका निभाई।

खेल समाप्त होने के बाद, लिविंगस्टोन ने अपनी वीरता का श्रेय बल्लेबाजी क्रम में ऊपर जाने को दिया, जिससे उन्हें अधिक जिम्मेदारी मिली और गेंदबाजों पर कहर ढाने का समय मिला। क्रम में ऊपर जाना अच्छा रहा, इससे मुझे थोड़ी अधिक जिम्मेदारी मिली और बल्लेबाजी के लिए अधिक समय मिला। मैं जिम्मेदारी का आनंद लेता हूं। छठे या सातवें नंबर पर आना आसान नहीं है, लय में आना मुश्किल है, इसलिए क्रम में ऊपर जाना अच्छा रहा।"

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं बल्ले और गेंद से अच्छी फॉर्म में हूं। साउथम्प्टन में सीरीज के पहले मैच के बाद लिविंगस्टोन ने पिछले कुछ वर्षों में फॉर्म और फिटनेस के साथ अपने संघर्ष के बारे में बात की थी। लेकिन कार्डिफ में पांच छक्कों और छह चौकों के साथ उनकी शानदार बल्लेबाजी ने इंग्लैंड के लिए सबसे छोटे प्रारूप में अपनी लय हासिल करने वाले ऑलराउंडर की शुरूआत का संकेत दिया। मुझे लगता है कि मैं अपने शरीर को सामान्य स्थिति में ला रहा हूं। पिछले कुछ वर्षों ने मुझे जीवन के कई सबक सिखाए हैं। मैं अपने क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं, चेहरे पर मुस्कान के साथ खेलना अच्छा लगता है और यही सबसे बड़ी बात है। पिछले कुछ साल मेरे लिए मुश्किल रहे हैं, इसलिए चेहरे पर मुस्कान के साथ यहां खेलना अच्छा लग रहा है।"

> "मैं जिम्मेदारी का आनंद लेता हूं। छठे या सातवें नंबर पर आना आसान नहीं है, लय में आना मुश्किल है, इसलिए क्रम में ऊपर जाना अच्छा रहा। मुझे लगता है कि मैं बल्ले और गेंद से अच्छी फॉर्म में हूं।
> लियाम लिविंगस्टोन




'मुझे लगता है कि मैं अपने शरीर को सामान्य स्थिति में ला रहा हूं।'

युवा जैकब बेथेल ने भी उनका अच्छा साथ दिया और 24 गेंदों पर तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से 44 रन बनाए। इस महीने बिग बैश लीग ओवरसीज ड्राफ्ट में मेलबर्न रेनेगेड्स ने बेथेल को साइन किया था और लिविंगस्टोन ने कहा कि वह उनके लिए बहुत खुश हैं। बेथेल एक अविश्वसनीय प्रतिभा है। उसके पास युवा कंधों पर एक शानदार दिमाग है। वह एक बहुत ही रोमांचक प्रतिभा है। वह एक निडर बच्चा है और इस तरह से खेलना बहुत खास है।

इंग्लैंड के कप्तान फिल साल्ट ने भी कुछ इसी तरह के शब्द कहे। साल्ट ने कहा, बेथेल एक असली प्रतिभा है, जिस तरह से उसने जम्पा को खेला, ऐसा बहुत कम लोग कर सकते हैं, उसके लिए वास्तव में बहुत खुश हूं। उसने एक अविश्वसनीय प्रदर्शन किया और लिवी (लिविंगस्टोन) ने जो किया

# कोरिया और मलेशिया ने खेला 3-3 से ड्रा दोनों टीमें सेमीफाइनल की दौड़ में बरकरार



**मोकी (चीन)।** शनिवार को मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में चल रही एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रोमांचक मुकाबले में कोरिया ने आखिरी क्षणों में गोल करके मलेशिया को 3-3 से बराबरी पर रोक दिया। इस मैच के बाद कोरिया अंक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा, जबकि मलेशिया चौथे स्थान पर बना हुआ है।

लीग मैचों के आखिरी दिन सप्ताहांत में दर्शकों के स्टेडियम में जल्दी पहुंचने के कारण कोरिया और मलेशिया ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया और दोनों टीमें आखिरी हूटर तक एक-दूसरे से भिड़ती रहीं।

अजराई अबू कमाल (28'), नोर्स्याफिक सुमंत्रि (35') और फैजल सारी (55') के गोलों से मलेशिया ने बढ़त बनाए रखी, लेकिन यांग जिहुन ने 60+ मिनट में अपना दूसरा गोल दाग दिया। उन्होंने पहले क्वार्टर में चौथे मिनट में गोल करके कोरिया को 1-0 की बढ़त दिलाई थी, जबकि चेओलियन पार्क (42') ने कोरिया के लिए दूसरा गोल किया।

शुरूआत से ही मैच में मलेशिया का दबदबा रहा, क्योंकि उन्होंने सर्कल में महत्वाकांक्षी हमले किए और शुरूआती क्वार्टर में गोल पर 13 शॉट लगाए। हालांकि, कोरिया ने अपने विरोधियों की रक्षात्मक गलतियों का फायदा उठाया और खेल की शुरूआत में ही एक पीसी अर्जित किया। फॉर्म में चल रहे जिहुन यांग ने गेंद को नेट में डालने में कोई गलती नहीं की।

अगले क्वार्टर में, मलेशिया खराब रूपांतरण दर में सुधार करने में सक्षम था क्योंकि उन्होंने सर्कल में बनाए गए केवल तीन मौकों पर गोल किया।

कमाल अबू ने एक बेहतरीन फील्ड गोल किया और बराबरी की। उन्होंने 35वें मिनट में 2-1 की बढ़त ले ली जब सुमंत्रि ने एक और फील्ड गोल किया। कोरिया 42वें मिनट में पार्क के फील्ड गोल के माध्यम से स्कोर 2-2 करने में सक्षम था।

अंतिम क्वार्टर में जाने तक मैच तनावपूर्ण बना रहा। दोनों टीमों के जीतने के लिए अंक जुटाने के प्रयास के बीच मलेशिया ने अपने आक्रमण में तेजी ला दी और लगातार पीसी जीते तथा 55वें मिनट में अपने शीर्ष ड्रैगफ्लिकर फैजल सारी के माध्यम से गोल करने में सफल रहे। लेकिन दुर्भाग्य से, मैच के अंतिम सेकंड में कोरिया ने पीसी से जिहुन के गोल से जीत हासिल की, जिससे मैच बराबरी पर समाप्त हुआ तथा दोनों टीमों को एक-एक अंक बांटना पड़ा।

मैच के हीरो, मरहान जलील ने कहा, सेमीफाइनल में बने रहने के लिए यह हमारे लिए महत्वपूर्ण मैच था, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि हमने अंतिम सेकंड में गोल खा लिया, जिससे कोरिया को हमारे साथ अंक बांटने में मदद मिली। उम्मीद है कि इस टूर्नामेंट में हमारे पास अभी दो और मैच हैं तथा हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तत्पर हैं।

# जय शाह ने टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को दी जन्मदिन की बधाई



**नई दिल्ली ।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को शनिवार को उनके 34वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं।

टी20 फॉर्मेट में सूर्या एक दिग्गज और आक्रामक बल्लेबाज हैं। उन्होंने पुरुषों की टी20 रैंकिंग में शीर्ष रैंकिंग हासिल की। उनके करियर की सबसे बड़ी अचीवमेंट टी20 विश्व कप फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच था, जिसने भारत की झोली में विश्व कप डालने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह टीम इंडिया ने भारत के लिए वैश्विक खिताब जीतने का 11 साल के सूखे को समाप्त किया।

शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, हमारे टी20 कप्तान और बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले मिस्टर 360 को जन्मदिन की शुभकामनाएं! मैं आपको सबसे छोटे प्रारूप में मेन इन ब्लू को कई जीतों की ओर ले जाते हुए देखने के लिए उत्साहित हूं। आने वाले वर्ष के लिए शुभकामनाएं!

2021 में अपने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद से, सूर्यकुमार ने खुद को टी20 बल्लेबाजी के महान खिलाड़ियों में से एक के रूप में स्थापित किया है। हालांकि उनका वनडे और टेस्ट करियर अभी तक उन ऊंचाइयों तक नहीं पहुंचा है।

कोयंबटूर में बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में टीएनसीए इलेवन के खिलाफ मुंबई के मैच के दौरान हाथ में चोट लगने के बाद सूर्यकुमार एक्शन से बाहर हो गए हैं, जिसके कारण वह दलीप ट्रॉफी से भी चूक गए।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बात करें तो सूर्यकुमार बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैचों में भारत की कप्तानी करेंगे।

ये मैच क्रमशः 6, 9 और 12 अक्टूबर को ग्वालियर, नई दिल्ली और हैदराबाद में खेले जाएंगे। पिछली बार बांग्लादेश ने 2019 में भारत का दौरा किया था, जहां वे तीन मैचों की टी20 सीरीज 2-1 से हार गए थे।

# अश्विन ने ग्लोबल चेस लीग फ्रेंचाइजी अमेरिकन गैम्बिट्स का एंथम किया लॉन्च



**नई दिल्ली।** भारतीय स्पिन गेंदबाजी के दिग्गज रविचंद्रन अश्विन ने अपनी नई शतरंज टीम, अमेरिकन गैम्बिट्स के लिए एंथम लॉन्च किया है, जो ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में चुनौती पेश करेगी।

मेक द वर्ल्ड गो शीर्षक वाले एंथम को अश्विन के सोशल मीडिया पर एक डिजिटल रिलीज के माध्यम से जारी किया गया, जिसमें शतरंज की बिसात पर एक रोमांचक पहलू लाने का वादा किया गया।

अश्विन और अन्य मालिकों के सह-स्वामित्व वाली अमेरिकन गैम्बिट्स एक प्रभावशाली रोस्टर के साथ जीसीएल में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं।

संगीत निर्देशक चरण राज द्वारा रचित और कार्तिक चेन्नोजीराव (केसी) द्वारा प्रस्तुत टीम का गान एकता, तीव्रता और रणनीतिक गहराई का प्रतीक है, जिसे गैम्बिट्स वैश्विक मंच पर मूर्त रूप देने की आकांक्षा रखते हैं।


अश्विन ने क्रिकेट से अलग एक नए सफर को लेकर अपनी उत्सुकता साझा की।

उन्होंने कहा, हमारे लिए, शतरंज का मतलब है बोर्ड पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना। जुनून से प्रेरित, रणनीतिक सोच से प्रेरित, और पूरी तरह से रोमांचक खेल। हम एक टीम के रूप में भारत और विश्व स्तर पर शतरंज को लोकप्रिय और बढ़ावा देना चाहते हैं। यह एंथम निडरता और विजय की भावना को दशार्ता है। हम उत्साहित हैं, और दुनिया को यह दिखाने का इंतजार कर रहे हैं कि हम कैसे दमदार प्रदर्शन करेंगे।

# इंटर मियामी के लिए जल्द कमबैक करेंगे लियोनल मेसी

**वाशिंगटन ।** लियोनल मेसी चोट के कारण दो महीने से अधिक समय तक मैदान से बाहर रहने के बाद इस हफ्ते इंटर मियामी के लिए मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं।

37 वर्षीय अर्जेंटीना के कप्तान ने जुलाई में कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया पर एल्बीसेलेस्टे की 1-0 की जीत के दौरान टखने के लिगामेंट में चोट लगने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है।



लेकिन समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, वह प्रशिक्षण पर लौट आए हैं और पूरी उम्मीद है कि वे शनिवार को इंटर मियामी के घरेलू मुकाबले के लिए उपलब्ध होंगे।

इंटर मियामी के मैनेजर गेरार्डो मार्टिनो ने शुक्रवार को बताया, हां, वह ठीक हैं। उसने गुरुवार को प्रशिक्षण लिया और वह मैच के लिए हमारी योजनाओं में है। आज प्रशिक्षण के बाद हम उसके लिए रणनीति के बारे में सोचेंगे, लेकिन वह उपलब्ध है।

मेसी ने इस सीजन में 12 मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) मैचों में 12 गोल और 13 असिस्ट किए हैं।

मार्टिनो आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता की मैच फिटनेस की कमी से परेशान नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी मौजूदगी मात्र से फ्लोरिडा की टीम को काफी बढ़ावा मिलेगा।

मार्टिनो ने कहा, हमारी टीम, जो पहले से ही अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का स्वागत करना हम सभी के लिए बहुत खुशी की बात है।

इंटर मियामी वर्तमान में मेजर लीग सॉकर के ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस स्टैंडिंग में 27 मैचों में 59 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद सिनसिनाटी से आठ अंक आगे है।

# भारतीय गेंदबाजों के पेशेवर रवैये से वाकई हैरान हूं : मोर्ने मोर्कल



**नई दिल्ली।** भारत के नए गेंदबाजी कोच के रूप में कार्यभार संभालने के बाद दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्कल उत्साहित हैं। वे भारत के अनुभवी और युवा तेज गेंदबाजों की लाइन-लेंथ और सटीक गेंदबाजी से काफी प्रभावित नजर आ रहे हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज उनका टीम इंडिया के साथ पहला असाइनमेंट होगा। वो प्रैक्टिस सेशन के पहले दिन भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन से काफी हैरान हैं।

चेन्नई में पहला टेस्ट 23 सितंबर और दूसरा टेस्ट कानपुर में 27 सितंबर से खेला जाएगा। भारत और बांग्लादेश के बीच दोनों मैच चल रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा हैं, जहां भारत 68.52 प्रतिशत अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है, जबकि बांग्लादेश 45.83 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर है।

मोर्ने मोर्कल ने बीसीसीआई टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, आज का लक्ष्य खिलाड़ियों, उनकी ताकत, उनकी कमजोरियों को समझना और आगामी सीरीज के लिए लक्ष्य निर्धारित करना था। खिलाड़ियों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। मैं इस बात से हैरान था कि उन्होंने किस तरह से काम किया, वे कितने पेशेवर थे। इसलिए यह एक अच्छा संकेत है और उम्मीद है कि हम इस पर काम कर पाएंगे।

तीनों प्रारूपों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने के 12 साल के अनुभव के साथ यह पूर्व तेज गेंदबाज भारत के गेंदबाजी कोच के रूप में नई सफलता हासिल करने के लिए तैयार है।

उनकी चुनौतियों में से एक यह सुनिश्चित करना होगा कि गेंदबाजों में टीम के प्रति अपनापन और मानसिक रूप से सहजता की भावना हो, जिससे वे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।

उन्होंने कहा, प्रतिभा और कौशल होना एक बात है, लेकिन सबसे पहले खिलाड़ियों को एक चुनौतीपूर्ण माहौल से निकाल कर उनके आत्मविश्वास को मजबूत करना होगा, क्योंकि भारत के लिए खेलना और ब्लू जर्सी पहनना बहुत सारी उम्मीदें रखता है।

# अल्काराज, बतिस्ता का शानदार प्रदर्शन डेविस कप फाइनल चरण में पहुंचा स्पेन



**मैड्रिड ।** कार्लोस अल्काराज और रॉबर्टो बतिस्ता ने शुक्रवार को वेलेंसिया में फ्रांस के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने एकल मैच जीते। इसी के साथ स्पेन ने डेविस कप के अंतिम चरण में अपनी जगह पक्की भी की।

अल्काराज ने दमदार प्रदर्शन करते हुए उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-3 से हराया और अब उसका रविवार को ऑस्ट्रेलिया के साथ मुकाबला होगा।

हम्बर्ट ने विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ आक्रामक होने की कोशिश की, लेकिन घरेलू दर्शकों के सामने, अल्काराज हावी दिखे।

बतिस्ता ने स्पेन को विजयी शुरूआत दिलाई, हालांकि स्थानीय खिलाड़ी को एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करनी पड़ी और दूसरे सेट में ब्रेक डाउन के बाद उन्होंने आर्थर फिल्स को तीन घंटे से भी कम समय में 2-6, 7-5, 6-3 से हराया।

पहला सेट हारने के बाद, दूसरे सेट में 5-3 से पिछड़ने के बाद बतिस्ता हार की ओर बढ़ते दिख रहे थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने वापसी की और फिर तीसरे सेट में जीत दर्ज की।

डेविस कप का अंतिम चरण 19 से 24 नवंबर तक स्पेन के शहर मलागा में खेला जाएगा।

# माउंट आबू में सम्पूर्ण भारत और नेपाल से आए हुए राजनीतिज्ञों का सम्मेलन आयोजित

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय में सम्मेलन 13 से 16 सितंबर 2024 तक चलेगा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में आनंद सरोवर के दिव्य अनुभूति सभाकार कक्ष में सम्पूर्ण भारत और नेपाल से आए हुए राजनीतिज्ञों का सम्मेलन 13 से 16 सितंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है।

दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में जनार्दन मिश्रा सांसद रीवा मध्यप्रदेश, सुनील कुमार यादव अर्थ मंत्री मधेश नेपाल, ब्रह्मा कुमारी लक्ष्मी दीदी प्रभारी मैसूर जोन, ब्रह्मा कुमार ब्रजमोहन भाई एडिशनल सेक्रेटरी जनरल ब्रह्मा कुमारीज, बाल योगी संत, उमेश नाथ राज्य सभा सांसद उज्जैन मध्य प्रदेश, ब्रह्माकुमारी उषा दीदी नेशनल कोआर्डिनेटर राजनीतिक प्रभाग एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

### गाजियाबाद से भी राजनेताओं का एक दल सम्मेलन में भाग लेने के लिए माउंट आबू पहुंचा

इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए गाजियाबाद से भी राजनेताओं का एक दल भाग लेने के लिए माउंट आबू पहुंचा है। इस सम्मेलन में तनावमुक्त शासन के लिए 'राजनेताओं का आध्यात्मिक सशक्तिकरण' विषय पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें भारत सहित नेपाल से 1500 से अधिक संख्या में राजनीतिक क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में गाजियाबाद से राजेन्द्र त्यागी पूर्व पार्षद, वीरेन्द्र त्यागी पार्षद, बहन कृष्णा त्यागी पूर्व पार्षद एवं पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य, कुलदीप त्यागी पार्षद, राजदीप त्यागी राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी, विनीत शर्मा पूर्व मण्डल अध्यक्ष बीजेपी एवं सामाजिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में कार्यरत रमेश पन्त विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दल का नेतृत्व मोहन नगर / गुलमोहर गार्डन सेवा केंद्र की प्रभारी ब्रह्मा कुमारी लवली बहन कर रही हैं। यह कार्यक्रम चार दिन तक चलने वाला है, जिसमें राजनेताओं के आध्यात्मिक सशक्तिकरण के लिए विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला जाएगा।

# आरकेजीआईटी में हिन्दी दिवस आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजकुमार गोयल इंस्टि्टयूट ऑफ टेक्नोलोजी एंड मैनेजमेंट गाजियाबाद में शनिवार को हिन्दी दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कालेज के निदेशक डा. राकेश गोयल ने दीप प्रज्वलित कर किया। निदेशक डा. राकेश गोयल ने सभी छात्रों को हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी भाषा के महत्व को समझाते हुए कहा कि हिन्दी हमारी मातृ भाषा है और यह सभी को अच्छी प्रकार से आनी चाहिए। पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का प्रचार करने का श्रेय एक मात्र हिन्दी भाषा को जाता है।

साथ ही बीटेक के सभी छात्रों को उनके सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कॉलेज के चेयरमैन दिनेश कुमार गोयल एवं वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने सभी फैकल्टी, स्टाफ एवं छात्रों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आर.के.जी.आई.एम. गाजियाबाद की डीन डा. मनोरमा शर्मा, डा. आभा वत्स, डा. राशि सक्सैना, संदीप सिंह, निधि, मनीष कुमार आदि सभी फैकल्टी एवं स्टाफ मौजूद रहे।

# युवक पर कातिलाना हमले के आरोपी गिरफ्तार



**लोनी, करंट क्राइम।** युवक के साथ मारपीट तथा जानलेवा हमले के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों के कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ है। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि लोनी थाने के चिरोड़ी गांव निवासी सुहैल के साथ गांव के ही फैज, सोहेब, आजिम तथा सालिम ने बच्चों के विवाद को लेकर लाठी डंडों से मारपीट की थी तथा धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया था। पुलिस ने उक्त आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर फैज, सोहेब तथा आजिम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# बरसात में जर्जर मकान की छत ढहने से एक की मौत मामले में पीड़ित परिवार को मदद की कवायद शुरू

## विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने हरसंभव सहायता दिलाने का दिया आश्वासन



**लोनी, करंट क्राइम।** शुक्रवार सुबह परमहंस विहार लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी में सुंदरी देवी के जर्जर मकान के एक कमरे की छत ढह गई थी। मलबे में दबने के कारण सुंदरी की मौत हो गई थी। जबकि उसकी बेटी वर्षा और लक्ष्मी घायल हो गईं थीं। दोनों को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां हालत में सुधार आने के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई थी।

प्रशासन ने सुंदरी के मकान के पुनःनिर्माण के लिए प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 2.5 लाख रुपए की अनुदान राशि दिलाने तथा पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया है। एसडीएम राजेन्द्र शुक्ला का कहना है कि मदद के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही हैं। दूसरी तरफ स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भी हादसे पर दुख प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।

# नोएडा में युवक को होटल में बंधक बनाया, सवा लाख की रंगदारी मांगी

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** गंग नहर के पास स्थित एक ओयो होटल में दिल्ली के रहने वाले युवक को बंधक बनाकर 1.25 लाख की फिरौती मांगने के आरोप में पुलिस ने शनिवार को 4 युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एक आरोपी के पास से 32 बोर की पिस्तौल भी बरामद की है।

घटना का विवरण एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि दिल्ली के संगम विहार कॉलोनी निवासी लक्ष्मण ने पुलिस को सूचित किया कि उसके दोस्त आकाश को चार युवकों ने बंधक बना लिया है। आरोपियों में दिल्ली बुराड़ी निवासी आकाश, दीपक निवासी बखरवा मोदीनगर, संजय निवासी हनुमान पूरी मोदीनगर और तरुण निवासी गड़ी सेक्टर 10 गुरुग्राम शामिल थे। आरोपी युवक आकाश झा को दिल्ली से मुरादनगर गंग नहर के निकट एक ओयो होटल में ले आए थे। वहाँ उन्होंने उसे बंधक बनाकर 1.25 लाख रुपए की मांग की। आकाश झा ने इस घटना की सूचना अपने दोस्त लक्ष्मण को दी, जिसने मुरादनगर पुलिस को इसकी जानकारी दी। थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने गंग नहर के पास ओयो होटल में छापा मारा और आकाश झा को सुरक्षित बंधक मुक्त कराया। पुलिस ने मौके से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से एक आरोपी के पास से 32 बोर की पिस्तौल भी बरामद की गई। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में गहन जांच शुरू कर दी है, ताकि पूरी सच्चाई सामने आ सके।



### ऑनलाइन गेमिंग से परिचय

**करंट क्राइम।** एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि आकाश झा और चारों आरोपी पहले से एक-दूसरे को जानते थे और ऑनलाइन गेम खेला करते थे। आरोपियों को आकाश के बैंक खाते में बड़ी रकम होने की जानकारी थी, जिसके चलते उन्होंने उसे बंधक बनाकर पैसे की मांग की।

# उत्कृष्ट शिक्षण के लिए एवरेस्ट पब्लिक स्कूल के शिक्षक हुए सम्मानित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन के एवरेस्ट पब्लिक स्कूल के शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षण के लिए सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ तथा राष्ट्रीय शिक्षक संघ के संयुक्त कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षकों को सम्मानित किया। इस मौके पर सांसद बृजलाल, कृपा शंकर आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की। एवरेस्ट पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति शर्मा, उपप्रधानाचार्या वंदना शर्मा, शिक्षिका व सुप्रसिद्ध कवियित्री डॉ मंजू सैनी, अध्यापिका शिउली पाल को समारोह में सम्मानित किया गया।

# हापुड़ में किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**हापुड़।** हापुड़ में घेर में सो रहे किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। घटना कोतवाली पिलखुवा इलाके के पबला की है। यहां के रहने वाले किसान सुरेश तोमर गुलाब के फूलों की खेती करता था। बाजार में फूल बेचकर वह अपना गुजर बसर करता है। शनिवार की सुबह वह घेर में मृत पड़ा मिला। परिजनों ने उसे मृत पड़ा देखा तो कोहराम मच गया। परिजन ने कहा कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। गले और कंधे पर निशान चोट के हैं। पीड़ित परिवार ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक की टीम जांच में जुट गई है।




# कब बदलेंगे ऑफिसों में जमे फेस

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में तमाम ऐसे फेस हैं जो एक कार्यालय में सालों से जमे हुए हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में अब हो यह रहा है कि ना तो उनके फेस बदले जा रहे हैं और ना प्लेस बदल रहे हैं। कई चेहरे इन दिनों इतने परेशान बताए जा रहे है कि वह जुगाड़ लगाते घूम रहे हैं कि कैसे ही वह अपने कार्यालय से कहीं और शिफ्ट हो जाएं, पर समस्या यह है कि वह शिफ्ट हो नहीं पा रहे हैं। वहीं सूत्रों से सुनने में आया है कि कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बनाए गए कई खास ऑफिस में कई ऐसे टू- और थ्री-स्टार हैं जो लंबी पारी खेल चुके हैं और उनका बदलाव नहीं हो पा रहा है, अब उनके बदलाव होने से विभाग का काम तो बढ़िया चल रहा है लेकिन कार्यालय के ही उनके साथी लोग परेशान हैं कि उनकी रवानगी कब हो और उनको कब काम करने का मौका मिले। वैसे पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि कई सेल तो ऐसी हैं कि वहां कुछ फेस उनकी स्थापना से लेकर अब तक जमे हुए हैं जबकि कमिश्नरेट सिस्टम बने हुए 21 महीनों से अधिक का समय हो गया है। 21 महीनों में ना तो वह किसी कार्रवाई का शिकार हुए ना उनके बदलाव पर किसी का ध्यान जा रहा है। सुनने में आया है कि कई आईपीएस अधिकारियों से भी कई लोग अपनी पैरवी करवा चुके हैं लेकिन वह ऑफिस की चार दिवारी के बीच फंसे हुए हैं। उधर सिटी में भी कई ऐसे कार्यालय हैं जहां का स्टाफ लंबे समय से जमा हुआ है। उनका विभाग और कार्यालय में अपना सिस्टम शुरू हो गया है, उनके सिस्टम की चर्चा समय-समय पर कमिश्नरेट वाले सिटी जोन के थाना प्रभारी के बीच भी सुनाई देती है। अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में ऑफिस राज का मजा ले रहें, कई फेस कब रिप्लेस होंगे। इसके साथ ही क्या इनको लेकर कोई ऐसा आदेश भी जारी होगा, जिससे उनकी वर्किंग और सर्चिंग वाली स्थिति का पता चल सके। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के तीनों जोन में ऐसी लंबी लिस्ट बन सकती है, जिसमें एक ही थानों पर तब से लेकर अब तक जमे कई स्तर के कर्मचारी शामिल हो सकते हैं। वैसे अभी कुछ दिनों बाद त्यौहारी सीजन शुरू होने वाला है। अब ऐसे में देखना होगा उनसे पहले इन्हें रिप्लेस किया जाता है या यह अपने प्लेस पर ही जमे रहेंगे।




# रवि कुमार को बनाया गया बसपा का मेरठ मंडल प्रभारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मंडल कोर्डिनेटर रवि जाटव को बसपा का मेरठ मंडल प्रभारी बनाया गया है। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती ने एक बार फिर रवि जाटव पर भरोसा जताया है और उन्हें मेरठ मंडल का प्रभारी बनाया है। मेरठ मंडल में बागपत, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद जिले आते हैं। रवि जाटव को चुनावों में बसपा के स्टार प्रचारक वाली सूची में भी स्थान मिला था। वह बसपा के पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं में शुमार होते हैं। मेरठ मंडल का प्रभारी बनाये जाने पर रवि जाटव ने पार्टी सुप्रीमो का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि बसपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जहां कर्मठ सामान्य कार्यकर्ता को भी बड़ी जिम्मेदारी मिलती है और सम्मान मिलता है। वहीं रवि कुमार को मेरठ मंडल प्रभारी बनाये जाने पर बसपा कार्यकर्ताओं ने भी खुशी व्यक्त की है।

# प्रशासन ने कब्र से निकलवाया शव परिजनों ने हत्या की जताई थी आशंका



## 17 दिन पहले हुई थी मौत

**हापुड़।** हापुड़ में शनिवार को मजिस्ट्रेट के सामने सत्तार का शव पोस्टमॉर्टम के लिए कब्र से निकलवाया गया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस अब जांच पड़ताल में जुट गई है। मामला कोतवाली गढ़ इलाके के बदरखा का है।

बदरखा निवासी सत्तार 28 अगस्त को अपने कुछ परिचितों के साथ घर से गए थे। उसी दिन दोपहर के करीब गांव अठसैनी के पास गंभीर रूप से घायल मिले। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेरठ रेफर कर दिया था। जहां उपचार के दौरान 29 अगस्त को उनकी मौत हो गई। उस समय तो परिजनों ने बिना कोई कार्रवाई मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया था। लेकिन कुछ दिन बाद ही मृतक की पत्नी ने परिचित पर हत्या का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र दिया था। जिसने अपने पति का शव कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। जिसे लेकर रविवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को कब्र से निकलवाया गया। कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार का कहना है कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया जा रहा है। रिपोर्ट मिलने पर मौत का सही कारण पता चलेगा। जिसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# हिन्दी दिवस पर उत्थान फाउंडेशन ने आयोजित की काव्य पाठ प्रतियोगिता



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था उत्थान फाउंडेशन ने कांवड़ मार्ग पर स्थित चड्डा पब्लिक स्कूल में काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष सीए राहुल जैन व प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संस्था के प्रबंधन समिति के सदस्य देवेंद्र ढींगरा ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए बनाये गए दो ग्रुप कक्षा पांच से आठ व कक्षा नौ से ग्यारह में 22 छात्रों ने भाग लिया।

प्रतिभागियों ने अलग-अलग विषयों पर काव्य पाठ कर सबका मन मोह लिया। उत्थान के अध्यक्ष ने बताया कि प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में विनय सहारन, खुशबू बंसल व अनुपम माहेश्वरी ने काव्य पाठ का आकलन कर अपना निर्णय सुनाया। जिसके अनुसार दोनों ग्रुप के विजेता छात्रों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

प्रतिभागियों में शिवानी, तन्वी, दिव्यांशी, अनुष्का, खुशी तोमर व स्नूवी विजयी रहे। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल की प्रधानाचार्या कल्पना शर्मा ने संस्था के सभी सदस्यों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा रानी, नीतू सिंह, कविता गौतम, रचना गौतम आदि की मुख्य भूमिका रही।

# डॉ. अतुल जैन ने महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को दी जन्मदिन की बधाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर के अध्यक्ष संजीव शर्मा को उनके जन्मदिन के अवसर पर पुष्प गुच्छ भेंट करके बधाई और शुभकामनाएं दीं। डॉ. अतुल जैन ने कहा, ईश्वर से प्रार्थना है कि आप सदैव स्वस्थ और प्रसन्न रहें एवं प्रदेश, देश और समाज की सेवा में इसी तरह नए-नए कीर्तिमान स्थापित करते रहें। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं पुनः हार्दिक बधाई।

# शहर के विकास के लिए संकल्पित हूं : विनोद वैशाली

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने कहा कि वह शहर के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि वह शहर के चहुंमुखी विकास के लिए किसी तरह की कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहते हैं, अपने 15 माह के कार्यकाल के बारे में शनिवार को आयोजित एक प्रेसवार्ता के माध्यम से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि वह अब तक करीब करीब 35 से 40 करोड़ के विकास कार्य करा चुके हैं जिनका काम कुछ पूरा हो चुका है और कुछ विकास कार्य प्रगति पर हैं। पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने यहां एक निजी रेस्तरां में आयोजित प्रेसवार्ता में मीडिया से रूबरू हो कहा कि अपने इंदौर की तर्ज पर सारा रोड पर एक चाट मार्किट स्थापित किये जाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। मीडिया द्वारा गांधी मार्किट व तहसील के सामने स्थित पालिका मार्किट की दुकानों में की गई किराया वृद्धि का मुद्दा भी उठाया गया तो वैशाली ने कहा कि अगर दुकानदारों को किराये को लेकर किसी तरह की कोई दिक्कत है तो पालिका कार्यालय आकर संपर्क करें।




# चोरी की स्कूटी और ई-रिक्शा के साथ चोर गिरफ्तार




**लोनी, करंट क्राइम।** पुलिस ने दो वाहन चोर गिरफ्तार कर चोरी की एक स्कूटी और एक ई-रिक्शा बरामद किया है। दोनों वाहन कुछ दिन पूर्व दिल्ली से चोरी किए गए थे। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि पुलिस ने अशोक विहार चौकी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान चोरी की स्कूटी तथा ई-रिक्शा के साथ इमरान उर्फ माइकल तथा निजामुददीन उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया है। दोनों वाहन दिल्ली एनसीआर में सक्रिय थे। उनसे बरामद वाहन कुछ दिन पूर्व दिल्ली से चोरी किए गए थे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा नेता केडी त्यागी ने आस्था श्रद्धा भक्ति भाव को अपने शब्दो और फेसबुक पोस्ट से साझा किया। श्री राधा जन्म उत्सव पर उनका यह धार्मिक अंदाज छाया रहा। केडी त्यागी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पहले एमपॉक्स टीके को दी मंजूरी



## बीमारी से लड़ाई में बताया अहम कदम

**वॉशिगटन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वयस्कों में एमपॉक्स के उपचार के लिए टीके के इस्तेमाल के लिए पहली मंजूरी दे दी है। संगठन ने शुक्रवार बताया कि अफ्रीका और अन्य स्थानों पर इस बीमारी का मुकाबला करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### एमपॉक्स के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस ने कहा, एमपॉक्स के उपचार के लिए टीके के इस्तेमाल को मंजूरी मिलना इस बीमारी के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है। डब्ल्यूएचओ ने पिछले महीने अफ्रीका के कई हिस्सों में एमपॉक्स के प्रसार और व्यापकता को देखते हुए दूसरी बार एमपॉक्स को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (पीएचईआईसी) घोषित किया था।

**वयस्कों को टीके की दो खुराक :** 18 या उससे अधिक उम्र के लोगों को टीके की दो खुराक लेनी होगी डब्ल्यूएचओ के इस अनुमोदन के तहत, 18 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों को दो खुराक वाला टीका लगाया जा सकता है।

अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र के अधिकारियों ने पिछले महीने कहा था कि कांगो (जो एमपॉक्स से सबसे अधिक प्रभावित देश है) में लगभग 70 प्रतिशत मामले 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों में सामने आए हैं।

## धरती पर वापस न लौटने पर छलका सुनीता विलियम्स का दर्द

**वॉशिगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष में फंसे होने का दर्द छलका है और उन्होंने कहा है कि बोइंग का





स्टारलाइनर अंतरिक्षयान उन्हें वापस धरती पर ला सकता था। गौरतलब है कि स्टारलाइनर बीते हफ्ते ही धरती पर वापस लौटा है। सुनीता विलियम्स ने कहा है कि अगर और समय होता तो वो लोग भी स्टारलाइनर से वापस धरती पर लौट सकते थे। अभी सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर अगले साल फरवरी में धरती पर लौट सकते हैं।

**सुनीता विलियम्स ने कहा- हम स्टारलाइनर से लौट सकते थे :** बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्षयान ने अपने पहले क्रू मिशन पर बीती 5 जून को अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी थी।

इस यान से सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरी थी।

# न्यायपालिका पर कब्जे की तैयारी में शहबाज सरकार जानें क्या है प्रस्ताव, जिससे बर्बाद होगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार न्यायपालिका पर कब्जा करने की तैयारी कर रही है। उसने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने संबंधी विधेयक के बारे में अटकलों के बीच कुछ और ही योजना बना ली है। बताया जा रहा है कि सरकार संसद में एक व्यापक न्यायिक सुधार पैकेज पेश करने वाली है। इसके तहत मुख्य न्यायाधीश को चुनने का हक प्रधानमंत्री के पास चला जाएगा।



### न्याय प्रणाली में बदलाव होगा

मीडिया रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाला से बताया गया कि कम से कम 22 संशोधनों के साथ न्याय प्रणाली में बदलाव होगा। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया में सुधार होगा। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाली सरकार की योजना रविवार से ही इन सुधारों को लागू करने की है।

प्रस्ताव में जो सबसे अहम बात है वो मुख्य न्यायाधीश की नई नियुक्ति प्रक्रिया है। प्रस्तावित बदलावों के तहत संसदीय समिति और न्यायिक आयोग का विलय किया जा सकता है। इसके अलावा, वरिष्ठतम न्यायाधीश को स्वचालित रूप से नियुक्त करने के बजाय, पांच वरिष्ठ न्यायाधीशों का एक पैनल प्रधानमंत्री के पास भेजा जाएगा, जो अंतिम निर्णय लेंगे।

**न्यायपालिका के अंदर होने वाली राजनीति पर लगेगी रोक :** सरकार का मानना है कि वरिष्ठतम न्यायाधीश को नियुक्त करने की मौजूदा प्रथा न्यायपालिका के भीतर पैरवी को बढ़ावा देती है, जिससे मुख्य न्यायाधीश को अपने पसंदीदा उत्तराधिकारियों के पक्ष में वरिष्ठता सूची में हेरफेर करने की अनुमति मिलती है।

## रूसी राष्ट्रपति की धमकी पर पूछा सवाल तो ब्रिटिश पत्रकार पर भड़के बाइडन

**वॉशिगटन।** अमेरिका और रूस के बीच का तनाव किसी से छिपा हुआ नहीं है। इस बीच, राष्ट्रपति जो बाइडन शुक्रवार को एक ब्रिटिश रिपोर्टर पर बुरी तरह गुस्सा करते दिखे। दरअसल, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से जुड़ा सवाल पूछने पर बाइडन नाराज हो गए और वह पत्रकार पर बिफर गए।

हाल ही में, पुतिन ने पश्चिमी देशों को धमकी दी थी कि अगर यूक्रेन को लंबी दूरी तक हमला करने वाले मिसाइल का इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। इसे लेकर एक रिपोर्टर ने बाइडन से पूछा कि क्या यूक्रेन को इसकी इजाजत मिल रही है? इस सवाल पर बाइडन ने आपा खो दिया।



**बैठक के दौरान हुई गर्मागर्मी :** यह पूरा वाक्या उस समय हुआ, जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर वॉशिंगटन में व्हाइट हाउस में एक अहम बैठक कर रहे थे।

तभी एक रिपोर्टर ने धमकी पर सवाल पूछा कि रूसी राष्ट्रपति का कहना है कि अगर यूक्रेन को लंबी दूरी तक हमला करने वाले मिसाइल का इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई तो इसे सीधे तौर पर पश्चिम देशों से जुड़ा माना जाएगा और संघर्ष पूरी तरह से बदल जाएगा, तो क्या कीव को इजाजत देने जा रहे हैं।

**बुरी तरह भड़के बाइडन :** 81 साल के बाइडन नाराज हो गए। उन्होंने कहा, 'जब तक मैं बोल रहा हूं तब तक खामोश रहें। यही ठीक होगा।

इसके बाद भी रिपोर्टर चुप नहीं हुआ। उन्होंने अपना सवाल जारी रखा। उन्होंने कहा कि आप युद्ध की धमकी पर क्या कहना चाहते हैं? यह एक गंभीर धमकी है।

इस पर बाइडन और भड़क गए। उन्होंने कहा, 'अब आपको चुप रहना ही होगा।

# 'जीवन खटाखट नहीं, इसके लिए मेहनत की आवश्यकता', जेनेवा में जयशंकर का इशारों में राहुल गांधी पर तंज

**जेनेवा।** केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर इन दिनों विदेश दौरे पर हैं। जर्मनी का दौरा पूरा करने के बाद वे गुरुवार को जेनेवा पहुंचे। शनिवार को यहां एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस सांसद पर तंज कसते हुए कहा कि जीवन खटाखट नहीं है, इसके लिए कठिन मेहनत और परिश्रम की आवश्यकता है। बता दें कि राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के सत्ता में आने पर महिलाओं के खातों में तेजी से पैसे ट्रांसफर करने का वादा करते हुए खटाखट शब्द का इस्तेमाल किया था।



जेनेवा में भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत करते हुए जयशंकर ने कहा, ₹जब तक आप बुनियादी ढांचे और मानव संसाधनों का निर्माण नहीं करते, नीतियों को लागू नहीं करते तब तक या कठिन काम है। जीवन खटाखट नहीं है। जीवन मेहनत और लगन से भरा है।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹जिन्होंने नौकरी की है, मेहनत की है। वह जानता है। यह मेरा आपके लिए संदेश है कि हमें कड़ी मेहनत करनी होगी।₹

**ट्रेंड में था राहुल गांधी का खटाखट शब्द :** राहुल गांधी की खटाखट पंच लाइन सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर गई थी।

# अल्बर्ट आइंस्टीन का पत्र 32 करोड़ रुपये में नीलाम जानिए दुनिया के सबसे प्रभावशाली पत्र में ऐसा क्या

**वॉशिगटन।** महान भौतिक विज्ञानी अल्बर्ट आइंस्टीन का हस्ताक्षरित पत्र एक नीलामी में 32 करोड़ रुपये में नीलाम हुआ है। यह पत्र आइंस्टीन ने साल 1939 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवेल्ट को भेजा था। इस पत्र में आइंस्टीन ने परमाणु हथियारों के विकास को लेकर चेतावनी दी थी। यह पत्र न्यूयॉर्क में फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट की लाइब्रेरी से मिला था।



### पत्र में परमाणु बम को लेकर दी थी चेतावनी

इस पत्र में अल्बर्ट आइंस्टीन ने अमेरिका के राष्ट्रपति को चेताते हुए बताया था कि जर्मनी परमाणु हथियारों का विकास कर रहा है। पत्र में आइंस्टीन ने बताया कि 'परमाणु भौतिकी में हाल ही में जो काम किया गया है, उससे संभावना है कि यूरेनियम को एक नए और अहम ऊर्जा स्त्रोत में तब्दील किया जा सकता है।'

आइंस्टीन ने चेताते हुए कहा कि 'इस ऊर्जा को बेहद ताकतवर विस्फोटक बनाने में इस्तेमाल किया जा सकता है। आइंस्टीन ने इसी पत्र में अमेरिकी सरकार से भी परमाणु फ्यूजन को लेकर रिसर्च करने और परमाणु बम बनाने की सलाह दी थी।

**'दुनिया के सबसे प्रभावशाली पत्रों में से एक' :** आइंस्टीन के पत्र की नीलामी करने वाली कंपनी क्रिस्टीज से जुड़े वरिष्ठ विशेषज्ञ पीटर क्लारनेट ने इस पत्र को 'दुनिया के इतिहास का सबसे प्रभावशाली पत्रों में से एक' करार दिया।

इस पत्र को आइंस्टीन ने साल 1939 की गर्मियों में लिखा था। साल 2002 में माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक पॉल एलन ने 21 लाख डॉलर में एक कलेक्शन खरीदा था। आइंस्टीन का यह पत्र भी उसी कलेक्शन का हिस्सा था। इससे पहले यह पत्र प्रकाशक मैल्कम फॉर्ब्स के पास था, जिसे मैल्कम फोर्ब्स ने हंगरी के भौतिक विज्ञानी लियो जिलार्ड से खरीदा था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिलार्ड ने ही यह पत्र लिखा था, जिस पर अल्बर्ट आइंस्टीन ने हस्ताक्षर किया था। हालांकि जब जर्मनी ने समर्पण कर दिया था तो उसके बाद आइंस्टीन को यह अहसास हो गया था कि परमाणु हथियारों का इस्तेमाल सही नहीं है।

# 'भारत, जापान, जर्मनी को सुरक्षा परिषद की स्थायी सीट दी जाए, लेकिन., अमेरिका ने किया समर्थन का एलान

**वॉशिगटन।** अमेरिका ने भारत, जापान और जर्मनी को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सीट देने की मांग का समर्थन दोहराया है। भारत समेद दुनिया के कई देशों द्वारा लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग की जा रही है। अमेरिका ने भी सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग को अपना समर्थन दिया है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने गुरुवार को यह घोषणा की।

उन्होंने ये भी कहा कि अमेरिका सुरक्षा परिषद में अफ्रीकी देशों के लिए अस्थायी सदस्यता के अलावा, अफ्रीका के लिए दो स्थायी सीटें देने का भी समर्थन करता है। हालांकि अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि वह वीटो पावर का विस्तार करने के पक्ष में नहीं है।

**अमेरिका ने ब्राजील को स्थायी सीट देने को नहीं दिया समर्थन :** अमेरिका ने छोटे द्वीप और विकासशील देशों के लिए भी सुरक्षा परिषद में नई निर्वाचित सीट बनाने का समर्थन किया है।



हालांकि अमेरिकी राजदूत ने ब्राजील के लिए स्पष्ट रूप से अपना समर्थन व्यक्त नहीं किया। जी4 देशों में शामिल भारत, जापान, जर्मनी और ब्राजील लंबे समय से एक-दूसरे को सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने का समर्थन कर रहे हैं।

थॉमस ग्रीनफील्ड ने कहा कि 'भारत की आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है और हम वास्तव में परिषद में उसके होने का दृढ़ता से समर्थन करते हैं। मुझे लगता है कि भारत को इसमें शामिल न करने का कोई आधार नहीं है, लेकिन ऐसे लोग हैं, जो विभिन्न कारणों से विभिन्न देशों का विरोध करेंगे। इस पर आगे बातचीत की जाएगी।'

**वीटो पावर देने के पक्ष मेंनहीं अमेरिका :** अमेरिका के एक शीर्ष अधिकारी ने भी सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी सीट देने का समर्थन किया। साथ ही उन्होंने भारत के अलावा लैटिन अमेरिकी देशों और कैरिबियाई देशों को भी स्थायी प्रतिनिधित्व देने की मांग की।

हालांकि, अधिकारी ने दोहराया कि अमेरिका नए स्थायी सदस्यों के लिए वीटो का विस्तार करने का समर्थन नहीं करता है। अमेरिका का रुख स्पष्ट करते हुए अधिकारी ने कहा कि 'वीटो को लेकर हमारा रुख नहीं बदला है। हमारा मानना है कि वीटो का विस्तार करने से परिषद में और अधिक गतिरोध पैदा होगा।'

भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए वर्षों से अभियान चला रहा है। भारत का कहना है कि साल 1945 में स्थापित 15-राष्ट्रों की परिषद 21वीं सदी के उद्देश्य के लिए सही नहीं है और समकालीन भू-राजनीतिक परिस्थितियों को प्रतिबिंबित नहीं करती है। एक ध्रुवीकृत सुरक्षा परिषद वर्तमान शांति और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भी विफल रही है।

# ट्रंप की करीबी लॉरा लूमर ने कमला हैरिस के खिलाफ की नस्लवादी टिप्पणी, 9/11 हमले को बता चुकी हैं साजिश

**वॉशिगटन :** डोनाल्ड ट्रंप की करीबी और साजिश सिद्धांतकार लॉरा लूमर ने कमला हैरिस के खिलाफ नस्लवादी टिप्पणी की है। ट्रंप ने लॉरा लूमर का समर्थन किया, लेकिन बाद में उन्होंने लॉरा लूमर के बयान से पल्ला झाड़ लिया। रिपब्लिकन पार्टी के कई नेताओं ने भी लॉरा लूमर के बयान की आलोचना की है। लॉरा लूमर 9/11 हमले को लेकर भी साजिश के दावे कर चुकी हैं और इस वजह से वह काफी चर्चा में भी रहीं।

### ट्रंप ने लॉरा का किया समर्थन

इन दिनों लॉरा लूमर को कई बार ट्रंप के साथ देखा गया है। यही वजह है कि लॉरा लूमर से करीबी संबंधों को लेकर ट्रंप से सवाल किया गया तो ट्रंप ने कहा कि 'लॉरा मेरी समर्थक रही है, जैसे बहुत से मेरे समर्थक हैं, वैसे ही वह मेरी समर्थक रही हैं। मैं लॉरा को नियंत्रित नहीं करता। वह कुछ भी बोलने के लिए स्वतंत्र हैं। मैं उन्हें नहीं बता सकता कि



क्या करना चाहिए।' दरअसल लॉरा लूमर ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने कहा कि 'अगर कमला हैरिस आगामी राष्ट्रपति चुनाव में जीतती हैं तो उसके बाद व्हाइट हाउस से करी की गंध आती रहेगी और व्हाइट हाउस के भाषणों को कॉल सेंटर के जरिए संचालित किया जाएगा।' माना जा रहा है कि इस पोस्ट के जरिए लॉरा लूमर ने कमला हैरिस के भारतवंशी होने पर तंज कसा है।

**रिपब्लिकन नेताओं ने की आलोचना :** हालांकि लॉरा लूमर के टिप्पणी की आलोचना होने के बाद ट्रंप ने खुद को लॉरा के बयान से अलग कर लिया। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा कि 'लॉरा लूमर उनके प्रचार अभियान के लिए काम नहीं करती हैं।

वह अपने बयानों को लेकर स्वतंत्र हैं और उनके बयान निजी टिप्पणियां हैं।' रिपब्लिकन पार्टी के कई नेताओं ने लॉरा लूमर के बयान की आलोचना की है। पार्टी की वरिष्ठ नेता लिंडसे ग्राहम ने कहा कि लूमर के बयान का इतिहास परेशान करने वाला है। एक अन्य नेता ने भी लूमर के बयानों की गंभीरता पर सवाल उठाए।

# चीन के मामले में कूटनीति की इतनी बड़ी गुगली क्यों फेंक गए विदेश मंत्री एस जयशंकर?

**नईदिल्ली :** जिनेवा के सेंटर फॉर सिक्योरिटी पॉलिसी में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन के साथ गतिरोध पर कूटनीति की बड़ी गुगली फेंकी। जून 2020 में गलवां घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच में हुई झड़प के बाद से कूटनीति के मास्टर एस जयशंकर अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मंच से चीन को कोसने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे थे। यह पहली बार है, जब जयशंकर ने कहा है कि लद्दाख क्षेत्र में दोनों देशों के सैनिकों को पीछे ले जाने (डिसइंगेजमेंट) को लेकर 75 प्रतिशत तक की गलतफहमी को दूर कर लिया गया है।

हालांकि, चार साल के प्रयास के बाद अभी भी चीन डेपसांग और डेमचोक से सैनिकों को पीछे ले जाने पर कोई बातचीत नहीं हुई है। दोनों देशों के सीमा के इस पार और उस पार करीब 50-60 हजार सैनिक तैनात हैं। भारत ने टैंक, तोप, यूएवी, हेलीकॉप्टर, फाइटर जेट समेत फ्रंट लाइन के बेड़े को तैनात कर रखा है। इसके बारे में



भारतीय विदेश और रक्षा मंत्रालय के अधिकारी कहते हैं कि जब तक चीन के सैनिक पीछे (अप्रैल 2020 की स्थिति) नहीं जाते, भारत सैनिकों को पीछे ले जाने का जोखिम नहीं उठा सकता। साफ है कि अविश्वास में कुछ तो कमी आई है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने भी पिछले दिनों तक अंतरराष्ट्रीय मंच से भारत और चीन के रिश्ते को असमान्य बताया। चीन पर द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय समझौते, सहमति को तोड़ने का आरोप तक लगाया। उन्होंने लगातार कहा है कि जब तक चीन के सैनिक पुराने तैनाती वाले स्थान पर नहीं चले जाते, तब तक हालात में सुधार की गुंजाइश कम है।

### किसी बड़ी रोडमैप की तैयारी में तो नहीं हैं विदेश मंत्री?

विदेश मंत्री एस जयशंकर को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच में अनौपचारिक बैठक कराने में मुख्य किरदार निभाने वाला माना जाता है। जयशंकर चीन में भारत के राजनयिक रह चुके हैं।

इधर रूस में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की मुलाकात अपने चीनी समकक्ष और विदेश मंत्री वांग यी से भी हुई है। एनएसए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मिले हैं।

पुतिन इस समय क्षेत्रीय गठजोड़ पर काफी अधिक ध्यान दे रहे हैं। पुतिन चाहते हैं कि भारत-चीन और रूस के बीच में बना त्रिपक्षीय फोरम आरआईसी फिर से अपने मजबूत आधार को पाए।

# सरकारी अधिकारियों को बगावत के लिए भड़काने का आरोप, पूर्व पीएम इमरान खान की और बढ़ीं मुश्किलें

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले ही कई मामलों का सामना कर रहे पूर्व पीएम के खिलाफ अब एक नया मामला दर्ज किया गया है। इमरान खान पर आरोप है कि उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सरकारी अधिकारियों को बगावत के लिए भड़काने की कोशिश की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान की शीर्ष जांच एजेंसी फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) ने यह मामला दर्ज किया है।

### एफआईए ने दर्ज किया इमरान के खिलाफ मुकदमा

जांच एजेंसी की एक टीम ने अडियाला जेल जाकर पूर्व पीएम से पूछताछ करने की कोशिश की। हालांकि टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा क्योंकि इमरान खान ने बिना अपने वकील की मौजूदगी के पूछताछ में



शामिल होने से इनकार कर दिया। पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्ला तरार ने बयान जारी कर बताया कि 'एफआईए इस बात की भी जांच करेगी कि इमरान खान का सोशल मीडिया हैंडल किसके द्वारा चलाया जा रहा था, ताकि यह पता लगाया जा सके कि किसने देश में अराजकता फैलाने की कोशिश की और देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को कमतर आंका।'

तरार ने कहा कि इमरान खान के पोस्ट के जरिए मुख्य न्यायाधीश और अन्य संस्थानों के प्रमुखों के खिलाफ साजिश रची गई। लोगों को देश के बड़े संस्थानों के खिलाफ लोगों को इकट्ठा करने की कोशिश की गई। इमरान खान बीते साल से अडियाला जेल में बंद हैं और वह अक्सर अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सरकार और सरकारी संस्थानों के खिलाफ बयानबाजी करते रहते हैं।

### इमरान खान ने क्या लिखा था पोस्ट में

इमरान खान के सोशल मीडिया हैंडल से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया गया। जिसमें लिखा गया कि 'देश के इतिहास में यह पहली बार नहीं है, जब किसी एक व्यक्ति (सेना प्रमुख आसिम मुनीर) ने सिर्फ अपनी सत्ता बचाने के लिए पूरे देश को दांव पर लगा दिया। याहया खान ने भी आवामी लीग से गद्दारी की और शेख मुजीबुर रहमान को सत्ता में रहने दिया। आज फिर वही कहानी दोहराई जा रही है। एक बार फिर एक व्यक्ति के हाथ में सारा नियंत्रण है और वह सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए पूरी व्यवस्था को तबाह कर रहा है।' इमरान खान ने पोस्ट में आरोप लगाया कि 'देश के कुछ लोगों का देश के संसाधनों, ताकत पर नियंत्रण है। सुप्रीम कोर्ट ही एकमात्र संस्थान है, जो इनके प्रभाव से बचा है, लेकिन अब इन्होंने उस पर भी हमले शुरू कर दिए हैं।

## चीन के जाल में फिर फंसा मालदीव

**माले :** चीन के कर्जजाल में पहले से ही उलझे मालदीव ने बीजिंग के साथ एक नए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें मालदीव को और अधिक वित्तीय सहायता देने पर सहमति बनी है। चीन के केंद्रीय बैंक के अनुसार, यह समझौता व्यापार और निवेश को मजबूत करने में



मदद करेगा। चीन ने समझौते के बारे में और कुछ नहीं बताया है।

पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना और मालदीव के आर्थिक विकास मंत्रालय के बीच हुआ समझौता बीजिंग तथा माले को प्रत्यक्ष निवेश को बढ़ावा देने और चालू खाता लेनदेन के स्थानीय मुद्रा निपटान की अनुमति देता है।

नए समझौते के बाद चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह मालदीव के बढ़ते कर्ज के बारे में उससे सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है और वित्तीय सहयोग बढ़ा रहा है।




# शुभकामनाओं और बधाई की रिमझिम के साथ मना संजीव शर्मा का जन्मदिन



**गाजियाबाद(करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा का जन्मदिन शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को जन्मदिन की बधाई देने के लिए सांसद, विधायक, कैबिनेट मंत्री, मेयर तथा पार्टी के पदाधिकारी पहुंचे। पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं से लेकर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भगवा कमांडर के नाम से मशहूर संजीव शर्मा को उनके जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीर्घ आयु तथा उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।